**134** पेड़ों के प्रत्यारोपण/स्थानांतरण की मंजूरी एलजी वीके सक्सेना ने पुराने जेएनयू परिसर में नए भवन के निर्माण के लिए दी है। 1.7578 हेक्टेयर क्षेत्र में सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंधन संस्थान (आइएसटीएम) के भवन निर्माण होना है।

www.jagran.com राष्ट्रीय संस्करण
दैनिक जागरण
मंगलवार 30 जनवरी, 2024

### आज का मौसम

सुबह हल्का कोहरा रहेगा।

| पूर्वानुमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| **दिल्ली** | | |
| 30 जनवरी | 22.0 | 08.0 |
| 31 जनवरी | 20.0 | 10.0 |
| **नोएडा** | | |
| 30 जनवरी | 21.0 | 11.0 |
| 31 जनवरी | 21.0 | 10.0 |
| **गुरुग्राम** | | |
| 30 जनवरी | 23.0 | 07.0 |
| 31 जनवरी | 22.0 | 09.0 |

डिग्री सेल्सियस में

## न्यूज गैलरी

### चार आइएएस अधिकारियों का दिल्ली से बाहर तबादला

**नई दिल्ली:** दिल्ली में तैनात चार आइएएस अधिकारियों का तबादला दिल्ली से बाहर किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश के तहत आइएएस डा. दिलराज कौर का तबादला अंडमान और निकोबार द्वीप समूह किया गया है। आइएएस डा. लालतिनखुमा फ्रैंकलिन और विक्रम सिंह मलिक को लद्दाख भेजा गया है। आइएएस डा. सोनल स्वरूप को अरुणाचल प्रदेश भेजा गया है। जबकि आइएएस मिताली नामचूम का अरुणाचल प्रदेश, वेदिता रेड्डी का अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और अमोल श्रीवास्तव का मिजोरम से दिल्ली तबादला किया गया है। (राब्यू)

### नशे में दीवार फांदकर रनवे तक पहुंचा युवक

**नई दिल्ली:** गणतंत्र दिवस के अगले दिन आइजीआइ एयरपोर्ट पर सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। नशे की हालत में एक युवक एयरपोर्ट की दीवार फांदकर रनवे तक पहुंच गया। एक पायलट ने उसे देखा और एयर ट्रैफिक कंट्रोल को इसकी जानकारी दी। इसके बाद सीआइएसएफ के कर्मचारियों ने उसे पकड़कर आइजीआइ थाना पुलिस को सौंप दिया। हरियाणा के बताए जा रहे इब्राहिम को आइजीआइ थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। (जासं)

### अस्पतालों पर खर्च में गिरावट पर स्पष्टीकरण तलब

**नई दिल्ली:** सरकारी अस्पतालों की स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार को अस्पतालों पर खर्च में आई गिरावट पर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि जीटीबी अस्पताल में सीटी स्कैन पिछले छह महीने से काम नहीं कर रहा है। दिल्ली सरकार की ओर से दाखिल एक हलफनामे के अनुसार उसके अस्पतालों पर व्यय 2022-23 में 3500 करोड़ से घटकर 2023-24 में लगभग 2,800 करोड़ रुपये हो गया है। (जासं)

# कल तेज हवा चलने के साथ हल्की वर्षा का यलो अलर्ट

- सोमवार सुबह साढ़े पांच बजे एयरपोर्ट पर दृश्यता रही 200 मीटर
- आज भी सुबह रहेगा हल्का कोहरा, दिन में आसमान रहेगा साफ

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली**

लगातार हो रहे बदलावों के बीच बुधवार को दिल्ली का मौसम फिर करवट लेगा। पश्चिमी विक्षोभ के असर से 30 से 40 किमी प्रति घंटे की गति से हवा चलने के साथ ही हल्की वर्षा होने का यलो अलर्ट है। गुरुवार को भी हल्की वर्षा जारी रहने का पूर्वानुमान है। इससे दिन के तापमान में गिरावट आएगी।

सोमवार सुबह दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में हल्का कोहरा देखने को मिला। नौ बजे के बाद धूप निकलने से आसमान साफ हो गया। अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 22.6 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 6.8 डिग्री रिकार्ड किया गया। हवा में नमी का स्तर 100 से 61 प्रतिशत रहा। मुंगेशपुर और जाफरपुर सबसे ठंडे इलाके रहे। इन दोनों ही जगह अधिकतम तापमान 18.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

कोहरे के चलते सोमवार सुबह साढ़े पांच बजे आइजीआइ एयरपोर्ट पर दृश्यता 200 मीटर रिकार्ड की गई। 70 से अधिक ट्रेनें विलंब से दिल्ली पहुंचीं। 20 ट्रेनों के प्रस्थान समय में बदलाव करना पड़ा। 14 अंतरराष्ट्रीय फ्लाइटों के प्रस्थान और सात फ्लाइटों के आगमन में विलंब हुआ। जबकि 62 घरेलू उड़ानें जाने एवं 47 उड़ानें आगमन में लेट हुईं।

मौसम विभाग का अनुमान है कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता का असर अब दिल्ली के मौसम पर देखने को मिलेगा। मंगलवार की सुबह हल्का कोहरा रहेगा। जबकि दिन में आसमान साफ रहेगा। शाम के समय बादलों की आवजाही शुरू हो जाएगी। बुधवार को राजधानी के ज्यादातर इलाकों में तेज हवा के साथ हल्की बरसात हो सकती है। इस दौरान हवा की गति 30 से 40 किमी प्रति घंटे तक की रहने की संभावना है।



ठंड के साथ सोमवार को दिल्ली में छाए हल्के कोहरे का दृश्य। एएनआइ

## हवा 'बहुत खराब', लेकिन ग्रेप-तीन लगाने से इन्कार

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली**

▶ दिल्ली के चार इलाकों का एक्यूआइ 400 से ऊपर 'गंभीर' श्रेणी में रहा

**यहां की स्थिति सबसे खराब**

| | |
|---|---|
| सोनिया विहार | 409 |
| रोहिणी | 408 |
| वजीरपुर | 401 |
| जहांगीरपुरी | 398 |
| मुंडका | 395 |

सोमवार को भी दिल्ली का एक्यूआइ 300 से ऊपर यानी 'बहुत खराब' श्रेणी में रहा। चार इलाकों का एक्यूआइ तो 400 से भी ऊपर यानी 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गया। इसके बावजूद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने फिलहाल ग्रेप-तीन की पाबंदियां लगाने से इन्कार कर दिया है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार सोमवार को राजधानी का एक्यूआइ 356 रहा। रविवार को यह 365 था। दिल्ली के चार इलाके ऐसे रहे, जहां का एक्यूआइ शाम चार बजे 400 के पार यानी 'गंभीर' श्रेणी में रहा। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली के मुताबिक अगले दो से तीन दिन वायु प्रदूषण का स्तर 'बहुत खराब' श्रेणी में ही बना रहेगा।

उधर, सीएक्यूएम की उप-समिति ने सोमवार शाम एक आपात बैठक भी की। इस दौरान वायु गुणवत्ता की स्थिति, मौसम पूर्वानुमान और अनुमानित वायु गुणवत्ता सूचकांक का जायजा लिया। मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) और आइआइटीएम पुणे के पूर्वानुमानों के अनुसार उप-समिति ने सर्वसम्मति से ग्रेप-तीन के प्रविधानों को लागू करने से पहले एक या अधिक दिन तक स्थिति पर नजर रखने का निर्णय लिया। मालूम हो कि ग्रेप-तीन के प्रतिबंधों में गैर-आवश्यक निर्माण कार्य और एनसीआर में बीएस-तीन पेट्रोल और बीएस-चार डीजल वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध शामिल है।

## वयस्कों को टीबी का टीका लगाने के लिए घर-घर सर्वे

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली :** भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) और केंद्रीय टीबी डिविजन की पहल पर टीबी की रोकथाम के लिए दिल्ली सरकार के परिवार कल्याण निदेशालय ने वयस्क लोगों को बीसीजी का टीका देने की तैयारी कर ली है। इस अभियान के तहत दिल्ली के पांच जिलों में 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को बीसीजी के टीके की एक डोज दी जाएगी। इनमें पश्चिम, पूर्व, दक्षिण, उत्तर पूर्व और नई दिल्ली जिले शामिल हैं। इन जिलों में आशा वर्कर घर-घर जाकर टीका लेने वाले लोगों की सूची तैयार कर रही हैं।

परिवार कल्याण निदेशालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि टीका लगने के योग्य लोगों की सूची जल्द ही तैयार कर ली जाएगी। इस डाटा के आधार पर यह टीकाकरण होगा। फरवरी के दूसरे सप्ताह में वयस्कों को टीका लगाने का काम शुरू हो जाएगा। वर्तमान समय में पांच वर्ष तक की उम्र के बच्चों को बीसीजी टीके की एक डोज दी जाती है।

# सीएम का दावा, सौर पैनल लगवाने वाले सभी घरों का बिजली बिल आएगा जीरो

**सौर नीति 2024** ▶ अमल होने पर व्यावसायिक उपभोक्ताओं का भी बिल हो जाएगा आधा

### नई नीति के तहत चार साल में सौर पैनल लगाने के खर्च की हो जाएगी भरपाई

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली**

दिल्ली सरकार ने सोमवार को दिल्ली सौर नीति 2024 की घोषणा करते हुए इसे जनता से लिए बड़ी राहत बताया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि नई नीति लागू होने पर सौर पैनल लगवाने पर दिल्ली में आवासीय क्षेत्र में रहने वाले सभी घरों का बिजली बिल जीरो आएगा। साथ ही व्यावसायिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं का बिजली का बिल भी आधा हो जाएगा। इतना ही नहीं उन्हें 700 से 900 रुपये तक की अतिरिक्त आमदनी भी होगी। इससे चार साल के अंदर सौर पैनल लगाने में आए खर्च की भी भरपाई हो जाएगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सौर नीति 2024 (सोलर पालिसी 2024) की घोषणा की। इस दौरान बिजली मंत्री आतिशी के अलावा आप नेता जस्मिन शाह भी मौजूद थे।



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को सौर नीति 2024 के बारे में प्रेस को जानकारी दी। उनके साथ कैबिनेट मंत्री आतिशी भी मौजूद रहीं। एएनआइ

सीएम ने कहा कि इससे पहले 2016 में सौर नीति जारी की गई थी, जिसने दिल्ली में सौर ऊर्जा की बुनियाद रखी थी। सौर नीति 2016 के तहत दिल्ली के लोगों ने अब तक अपने घरों की छत पर लगभग 250 मेगावाट क्षमता के सौर पैनल लगवाए हैं। नीति के तहत डिस्काम ने 1250 मेगावाट सौर ऊर्जा बाहर से खरीदी है। इस तरह इस नीति से दिल्ली के अंदर अब तक करीब 1500 मेगावाट सौर ऊर्जा उपलब्ध हुई है।

**ऐसे होगा बिजली बिल जीरो :** दिल्ली में सरकार हर परिवार को 200 यूनिट बिजली फ्री देती है। 200 यूनिट तक बिजली इस्तेमाल करने वालों का बिजली का बिल जीरो आता है। 201 से 400 यूनिट तक बिजली इस्तेमाल करने वालों का बिजली का बिल आधा (50 प्रतिशत) आता है। 400 यूनिट से अधिक बिजली इस्तेमाल करने वालों का पूरा बिल आता है।

नई नीति के तहत सौर पैनल लगवाने वाले प्रति माह 200 यूनिट से भी अधिक बिजली उत्पन्न कर पाएंगे ऐसे में 200 यूनिट तक सरकार से बिजली का बिल माफ होता है और 200 यूनिट से अधिक यूनिट तक बिजली सौर पैनल से तैयार होगी। सरकार ने ऐसी व्यवस्था की है कि आप प्रति माह जितनी भी बिजली सौर पैनल से तैयार करेंगे उतनी यूनिट बिजली आप के बिल से कम कर दी जाएगी और जो बिजली बचेगी उसे डिस्काम को बेचकर भुगतान ले सकेंगे। आवासीय सेक्टर में 3 किलोवाट पर 3 रुपये और 10 किलोवाट पर 2 रुपये प्रति यूनिट जेनरेशन बेस्ड इन्सेंटिव मिलेगा। इसके अलावा सरकार प्रतिमाह 700-900 रुपये तक प्रति माह इन्सेंटिव भी देगी।

राज्य सरकार का दावा है कि चाहे आप 800, 1000 या 2000 यूनिट बिजली इस्तेमाल करें, बिल जीरो आएगा। यह इस नीति की सबसे बड़ी खासियत है। हालांकि इसके लिए बड़े सोलर पैनल की जरूरत होगी। सीएम केजरीवाल ने कहा कि इस नीति के लागू होने के बाद अगले तीन साल के अंदर यानी 2027 तक दिल्ली में 4500 मेगावाट सौर ऊर्जा की क्षमता स्थापित हो जाएगी। इसमें से 750 मेगावाट क्षमता के सौर पैनल छतों के ऊपर लगाए जाएंगे, जबकि 3750 मेगावाट डिस्काम बाहर से सौर ऊर्जा खरीदेगा। उन्होंने कहा कि सौर पैनल लगवाने के बाद उपभोक्ताओं को 25 साल तक बिजली फ्री रहेगी।

## वेस्ट टू एनर्जी प्लांट की राख का पुन: उपयोग करे एमसीडी : डीपीसीसी

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली**

▶ निगम के चारों वेस्ट टू एनर्जी प्लांट से रोजाना निकल रही 1200 टन राख

▶ डीपीसीसी ने राख का इस्तेमाल ईंट व अन्य उत्पाद बनाने में करने को कहा

कूड़े के बाद कहीं राजधानी में राख भी परेशानी का सबब न बन जाए, इसी आशंका के मद्देनजर दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने नगर निगम के चारों वेस्ट टू एनर्जी प्लांट से रोजाना निकल रही 1200 टन राख का इस्तेमाल ईंट और अन्य उत्पाद बनाने में करने के लिए कहा है।

डीपीसीसी ने शर्तों के साथ तेहखंड में बनी नई इंजीनियरिंग सेनेटरी लैंडफिल (ईएसएल) साइट को छह महीने के लिए कंसेंट टू आपरेट (सीटीओ) दे दिया है। साथ ही डीपीसीसी ने एमसीडी को साफ तौर पर कहा है कि राजधानी के चारों वेस्ट टू एनर्जी प्लांट में रोजाना पैदा हो रही सारी राख का पुनः उपयोग करे। यदि यह राख इसी तरह तेहखंड की ईएसएल साइट पर डाली जाती रही तो छह साल में इसकी क्षमता भी पूरी हो जाएगी। छह महीने की सशर्त सीटीओ जारी करते हुए डीपीसीसी ने साफ कहा है कि चार वेस्ट टू एनर्जी प्लांट ओखला, बवाना, गाजीपुर और तेहखंड में चल रहे हैं। राख को निचले इलाकों में डाल देना समस्या का हल नहीं है। 29.2 एकड़ में बनी तेहखंड ईएसएल की क्षमता 9.23 लाख क्यूबिक मीटर है। इस साइट पर रोज करीब 100 टन राख डाली जा रही है। इस लैंडफिल साइट के भरने के बाद एमसीडी एक बार फिर इसके लिए जमीन की मांग करेगी, जबकि दिल्ली के पास जगह की कमी है। इसलिए यह जरूरी है कि राख का इस्तेमाल ईंट और अन्य सामान बनाकर सड़कें और बिल्डिंग बनाने के लिए किया जाए।

**साइट पर नहीं डलेगा कूड़ा**

इस साइट को केंद्रीय प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के नियमों के अनुसार तैयार किया गया है। साइट पर छह अलग-अलग लेयर हैं। यह साइट सिर्फ राख के लिए बनाई गई है। यहां पर कूड़ा नहीं डलेगा। एमसीडी ने इस साइट को बनाने में करीब 42.3 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। सेंटर फार एन्वायरमेंटल मैनेजमेंट आफ डिग्रेड इकोसिस्टम (सीईएमडीई) के हेड और डीपीसीसी कमिटी के सदस्य सीआर बाबू ने बताया कि सीटीओ छह महीने के लिए दी गई है। उक्त शर्तें पूरी न होने पर आगे इसका नवीनीकरण नहीं किया जाएगा। इसमें सबसे अहम शर्त राख का पुनः उपयोग करने की ही है। इसके बिना यह साइट लंबे समय तक नहीं चल पाएगी। मालूम हो कि इस साइट पर पीजोमीटर लगाया जाएगा। यह देखेगा कि साइट की वजह से भूजल प्रदूषित तो नहीं हो रहा। लिचेट ट्रीटमेंट प्लांट लगाए जाएंगे।

# दिल्ली पुलिस के केंद्रीयकृत मालखाने में लगी आग, 262 वाहन जले

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली**

खजूरी स्थित दिल्ली पुलिस के वजीराबाद ट्रेनिंग स्कूल में बने केंद्रीयकृत मालखाने में रविवार देर रात भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। देखते ही देखते मालखाने में खड़े 262 वाहन जल गए। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। आशंका है कि किसी शरारती तत्व ने वारदात को अंजाम दिया है। सोनिया विहार थाना पुलिस प्राथमिकी कर मामले की जांच कर रही है। एफएसएल ने घटना स्थल से साक्ष्य जमा किए हैं। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त डा. जाय टिर्की ने बताया कि रविवार रात 12:35 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि पुलिस के मालखाने में आग लगी है। जिस स्थान पर लगी, वहां पर पुलिस के बाहरी जिले का व्हीकल पिट बना हुआ था। वहां पुलिस स्टाफ तैनात रहता है। दमकल ने दो घंटे में आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि केंद्रीयकृत मालखाने में सभी जिलों के लिए स्थान बना है।



वजीराबाद पुलिस मालखाने में आग लगने से जलकर खाक हुए वाहन। सौजन्य :दमकलविभाग

थानों के मालखाने का सामान अधिक होने पर उन्हें केंद्रीयकृत मालखाने में भेज दिया जाता है। ये केस प्रापर्टी होती हैं। अग्निशमन विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि 200 कार और 250 दोपहिया वाहन जले हैं। जिला पुलिस उपायुक्त ने कहा कि आग बुझने के बाद जांच में 262 वाहन जलने की पुष्टि हुई।

## दिल्ली पुलिस के महिला दस्ते को सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दल का पुरस्कार

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने गणतंत्र दिवस परेड में सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्ते का पुरस्कार जीता है। जहां दिल्ली पुलिस ने 'जज च्वाइस श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ महिला दल की ट्राफी जीती है, वहीं सीआरपीएफ ने 'पापुलर च्वाइस श्रेणी' में सर्वश्रेष्ठ महिला दल की ट्राफी जीती।

दिल्ली पुलिस की पीआरओ डीसीपी सुमन नलवा ने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा, बेहद गर्व का क्षण... गणतंत्र दिवस परेड में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और अन्य सहायक बलों के बीच मार्चिंग दल में जजों की पसंद श्रेणी में दिल्ली पुलिस की मार्चिंग टुकड़ी को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया है। 30 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे दिल्ली छावनी के आरआर कैंप में एक ट्राफी प्रतिनिधित्व समारोह आयोजित किया जाएगा। पहली बार दिल्ली पुलिस की सभी महिला टुकड़ियों ने सभी महिला पाइप बैंड के साथ 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया।

# स्थायी समिति गठित होने तक सदन नहीं चलने देगी भाजपा

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली**

- नगर निगम : सोमवार को पार्टी ने फिर किया हंगामा, बिना नामकरण समिति के गलियों और सड़कों के नामकरण पर उठाए सवाल
- हंगामे और विरोध के बीच 25 प्रस्ताव रखे गए, जिनमें से 16 किए गए पारित



सोमवार को नगर निगम सदन की बैठक के दौरान स्थायी समिति गठित करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते भाजपा के पार्षद। चंद्र प्रकाश मिश्र

दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति का गठन न होने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। समिति के गठन होने तक स्थायी समिति की शक्तियां सदन को देने के लिए महापौर की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई याचिका विरुद्ध भी भाजपा ने सदन में विरोध किया। साथ ही भाजपा ने एलान किया कि जब तक महापौर स्थायी समिति का गठन नहीं करेंगी, तब तक निगम की साधारण सदन की बैठक नहीं होने दी जाएगी। इसके साथ ही भाजपा ने नामकरण समिति का गठन किए बिना गलियों और सड़कों आदि के नाम बदलने के लिए आए प्रस्तावों का विरोध किया। इसे नियमों के विरुद्ध करार दिया। हालांकि हंगामे के बीच सत्तापक्ष ने 25 प्रस्तावों में से सात को स्थगित और एक रद कर दिया। एक प्रस्ताव आयुक्त को वापस भेजा और 16 को पारित किया।

नगर निगम की बैठक शुरू होने पर शोक प्रस्ताव और निगमायुक्त की ओर से घटनात्मक रिपोर्ट पेश करने के बाद ही भाजपा पार्षद महापौर के आसन के सामने पहुंच गए। हाथ में 'स्थायी समिति का गठन करो' की तख्ती लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान महापौर शैली ओबेराय- नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह और भाजपा पार्षदों से शांति बनाए रखने की अपील करती रहीं। लेकिन भाजपा पार्षद हंगामा करते रहे और स्थायी समिति के गठन की मांग करते रहे। नेता प्रतिपक्ष ने नामकरण समिति के गठन के बिना सड़कों और गलियों के नाम बदलने के लिए लाए गए प्रस्तावों को नियम विरुद्ध बताया। उन्होंने कहा कि बिना समिति गठन के ये कार्य हो ही नहीं सकते हैं। इसमें इलाके के इंजीनियर की रिपोर्ट भी नहीं है। उन्होंने कहा कि स्थायी समिति के गठन पर किसी भी प्रकार की रोक किसी भी अदालत ने नहीं लगाई है। बावजूद इसके महापौर स्थायी समिति का गठन नहीं होने दे रही हैं। निगमायुक्त को स्थायी समिति के गठन के लिए वार्ड कमेटियों के चुनाव के लिए तारीख तय करनी होती है और महापौर को इसके लिए पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने होते हैं, लेकिन जानबूझकर समिति का गठन नहीं किया जा रहा है।

**डा. शैली ओबेराय ने कहा, भाजपा ने नहीं चलने दिया सदन :** महापौर डा. शैली ओबेराय ने कहा कि हमेशा की तरह इस बार भी भाजपा पार्षदों ने सदन नहीं चलने दिया। भाजपा पार्षदों से हमारी सदैव अपील रहती है कि सदन की बैठक शांतिपूर्ण तरीके से चलाएं। सभी महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की जाए, ताकि दिल्ली के विकास कार्यों में कोई बाधा उत्पन्न न हो। सभी पार्षद प्रस्तावों पर अपने विचार व्यक्त करें, सकारात्मक चर्चा करें। भाजपा पार्षद कभी भी सदन की गरिमा का सम्मान नहीं करते हैं। हमें आज भी शोर-शराबे के बीच प्रस्तावों को पास करना पड़ा। भाजपा पार्षद नहीं चाहते हैं कि दिल्ली के विकास के लिए नई नीतियां बनें और नए कार्य हों।

**आज से शुरू होगी बजट पर चर्चा**

निगम की बजट को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू होगी। नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह निगमायुक्त द्वारा पेश किए गए बजट पर अपना वक्तव्य रखेंगे। इसके बाद अगले सोमवार को पांच से सात फरवरी तक सामान्य चर्चा होगी। नौ फरवरी को नेता सदन मुकेश गोयल इसको अंतिम रूप देंगे। निगम एक्ट के अनुसार प्रत्येक वर्ष 10 दिसंबर से पहले निगमायुक्त को बजट पेश करना होता है।

**सुंदरीकरण**

राजधानी की मुख्य सड़कें और प्रमुख चौराहों को आकर्षक बनाने का किया जा रहा है काम, जनपथ-मौलाना आजाद चौराहे और लेडी इरविन कालेज के सामने लगाई बुद्ध की मूर्ति

# राजस्थान के कलाकार फव्वारों और मूर्तियों से संवार रहे दिल्ली

**संजीव गुप्ता, नई दिल्ली**

जी-20 की तर्ज पर जल्द ही राजधानी की कई मुख्य सड़कें और प्रमुख चौराहे भी बदले हुए नजर आएंगे। इन्हें राजस्थान के कलाकारों की ओर से बनाए गए नए फव्वारों और मूर्तियों से संवारा जा रहा है। विभिन्न डिजाइनों और नाना प्रकार के पत्थरों से बने फव्वारे, मूर्तियां, पैनल और प्लांटर्स दिल्ली आना शुरू हो गए हैं। इन्हें एलजी वीके सक्सेना की निगरानी में लगाया जा रहा है।

राजनिवास अधिकारियों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन से पहले सुंदरीकरण अभियान मुख्य रूप से मध्य दिल्ली और हवाई अड्डे के आसपास के क्षेत्रों में केंद्रित था, जबकि अब ये नई मूर्तियां शहर के अन्य हिस्सों में भी स्थापित की जाएंगी। एलजी ने स्थानीय निकायों को पूर्व, उत्तर, दक्षिण और पश्चिम दिल्ली में प्रमुख स्थानों की पहचान करने का निर्देश दिया है, जहां फव्वारे और मूर्तियां लगाई जा सकें।

> जी-20 शिखर सम्मेलन के बाद भी दिल्ली को सुंदर बनाने का काम जारी है। हाल ही में पद्मासन भगवान बुद्ध की मूर्ति उपराष्ट्रपति आवास के पास जनपथ-मौलाना आजाद चौराहे पर स्थापित की गई है। मंडी हाउस में लेडी इरविन कालेज के सामने बुद्ध की एक चारमुखी मूर्ति लगाई गई है। जल्द ही, आइएसबीटी के सामने रिंग रोड और यमुना पर समाधि परिसर के पीछे बाइपास का सुधार और सुंदरीकरण कार्य शुरू हो जाएगा।
>
> – वीके सक्सेना, एलजी, दिल्ली

इसके बाद एलजी की अध्यक्षता में वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम चिह्नित स्थानों को अंतिम रूप देगी।

शिखर सम्मेलन से पहले 100 से अधिक फव्वारे और मूर्तियां स्थापित की गई थीं। अबकी बार दिल्ली को 50- 60 कलाकृतियां मिलेंगी। यह सुनिश्चित करने के लिए कि राहगीरों एवं वाहन चालकों को असुविधा न हो, सड़कों के किनारे एवं चौराहों के पास खाली स्थानों को चुना जा रहा है।

शिव शीष, बुद्ध पैनल, हाथी की मूर्ति, खड़े बुद्ध, लोगों का स्वागत करते हुए तारा देवी, प्लांटर्स के अलावा, अमूर्त कला एवं दीवार पैनल एलजी की ओर से चुने गए कुछ डिजाइन हैं। ये मूर्तियां हरे, पीले सागौन की लकड़ी, लाल, चूने और नदी के पत्थरों से बनाई गई हैं। कलाकृतियों की ऊंचाई तीन से 10 फीट तक है। अधिकारियों ने बताया कि नए फव्वारे और मूर्तियां भी व्यावसायिक घरानों की ओर से कारपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी योजना के तहत प्रायोजित की जा रही हैं। जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले स्थापित की गईं कलाकृतियां भी एलजी ने सीएसआर योजना के तहत व्यावसायिक घरानों से ही मंगवाई थीं।

एक अधिकारी के मुताबिक इन मूर्तियों के रखरखाव की जिम्मेदारी स्थानीय निकायों की होगी। समीक्षा बैठकों में एलजी इसकी जानकारी लेते हैं कि मौजूदा मूर्तियों और फव्वारों का रखरखाव कैसे किया जा रहा है।



जनपथ - मौलाना आजाद रोड गोलचक्कर पर उपराष्ट्रपति आवास के पास लगी पद्मासन में बैठे भगवान बुद्ध की प्रतिमा। सौजन्य: राजनिवास

# शिक्षिका ने यूकेजी के छात्र को स्केल फेंककर मारा, आंख में लगी

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली**

▶ भगवती गार्डन के गुडलक पब्लिक स्कूल में पढ़ता है अक्षांश, एम्स में हुआ आंख का आपरेशन

मोहन गार्डन थाना इलाके के एक स्कूल में शिक्षिका ने लोहे का स्केल (फुट्टा) फेंककर मारा, जो यूकेजी के छह वर्षीय छात्र की आंख में जा लगा। स्केल लगने के बाद बच्चा घर पहुंचा तो उसकी आंख से पानी निकल रहा था। मां उसे 19 जनवरी को निजी अस्पताल ले गई तो डाक्टर ने बच्चे की आंख में कट (जख्म) होने की बात कहते हुए आंख का आपरेशन करने की सलाह दी। बच्चे के स्वजन के पास आपरेशन करवाने के पैसे नहीं थे। ऐसे में बच्चे को एम्स रेफर कर दिया गया। एम्स में बच्चे की आंख का आपरेशन किया गया। बच्चा अभी भी पूरी तरह स्वस्थ नहीं हुआ है। उसे देखने में दिक्कत हो रही है। बच्चे की पहचान विपिन गार्डन के अक्षांश कुमार वर्मा के रूप में हुई है। मोहन गार्डन थाना पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

पुलिस को दी शिकायत में अनुराधा कुमारी वर्मा ने बताया कि उनके बेटे की बाईं आंख से पानी आ रहा था। अक्षांश ने बताया कि 17 जनवरी को कक्षा में शिक्षिका मीनाक्षी रावत ने लोहे का स्केल फेंककर उसे मारा था, जिससे आंख में चोट लग गई। अक्षांश की कक्षा के बच्चों ने भी उन्हें बताया कि मीनाक्षी मैम ने स्केल फेंककर उसे मारा था। पुलिस अधिकारी का कहना है कि फिलहाल मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। अध्यापक का कहना है कि वह बच्चों को चुप करवा रही थी। उसी दौरान स्केल हाथ से छूट गया जो बच्चे को लग गया।

*********

**31** जनवरी से आरंभ होकर नौ फरवरी को समाप्त होने वाले संसद के बजट सत्र से पहले सरकार ने मंगलवार को विभिन्न दलों के नेताओं की बैठक बुलाई है। सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के संबोधन से होगी।



# मैं हर चुनौती को चुनौती देता हूं : मोदी

## पीएम बोले ▶ इस प्रतीक्षा में नहीं रहता कि स्थितियां सुधर जाएंगी

### अगर लाखों चुनौतियां हैं तो उसके करोड़ों समाधान भी हैं

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि चुनौतियों के सामने मैं हाथ पर हाथ धरे हुए नहीं बैठ जाता हूं। न ही इसकी प्रतीक्षा में रहता हूं कि स्थितियां सुधर जाएंगी। बल्कि मैं हर चुनौती को चुनौती देता हूं। इसके चलते मुझे नया सीखने को मिलता है। वह सोमवार को परीक्षा पे चर्चा के दौरान छात्रों के सवालों का जवाब दे रहे थे।

छात्रों ने जब उनसे पूछा कि पीएम जैसी जिम्मेदारी को आप तनाव मुक्त होकर कैसे निभाते हैं, कभी तनाव भी होता है? इस पर पीएम ने सवाल करने वाले छात्र से चुटीले अंदाज में पूछा कि क्या आप भी पीएम पद की दौड़ में हो। साथ ही कहा कि चुनौतियां तो आती हैं। लेकिन अगर लाखों चुनौतियां हैं तो उसके करोड़ों समाधान भी हैं। मैं हमेशा मानता हूं कि कुछ भी हो 140 करोड़ देशवासी मेरे साथ हैं। मुझे कभी भी नहीं लगता है कि मैं अकेला हूं। मुझे हमेशा लगता है कि मेरा देश सामर्थ्यवान है। मैं हर चुनौती को पार कर जाऊंगा। इसलिए मैं देश के सामर्थ्य को लगातार बढ़ाने में जुटा हूं।

पीएम ने कहा कि देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करना मेरी जिम्मेदारी बनती है। मैं सदैव उनके सपनों को ही पूरा करने और उन्हें सामर्थ्यवान बनाने में लगा हूं। जैसे-उन्हें पक्का घर दे दूं। उन्हें अच्छी शिक्षा मिल जाए। आयुष्मान कार्ड मिल जाए। हर घर नल से जल पहुंच जाए। छात्रों को अपने जीवन से जुड़े पहलुओं को साझा करते हुए पीएम ने कहा कि जब कोई स्वार्थ नहीं होता है तो निर्णयों में कभी दुविधा नहीं रहती है। मैं तो आपके लिए काम करता हूं, ताकि आपके माता-पिता को जिन मुसीबतों से गुजरना पड़ा है, मैं नहीं चाहता कि आपको भी उससे गुजरना पड़े। मुझे ऐसा देश बनाकर देना है, जिसमें आपकी भावी पीढ़ी को भी लगे कि हम इस देश में और खिल सकते हैं। इसलिए जीवन में सकारात्मक सोच रखें।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान देशभर के बच्चों को टिप्स दिए। प्रेट्र

### मेरे यहां निराशा के लिए सभी दरवाजे-खिड़कियां बंद

पीएम ने कहा कि तनाव मुक्त रहने के लिए जरूरी है कि अपनी प्राथमिकताएं तय करें। सही-गलत को पहचानने का विवेक रखें। किसी कारण गलती हो भी जाए तो निराश न हों बल्कि उससे सीखें। उन्होंने बताया कि जब पूरी दुनिया कोरोना संकट से घिरी हुई थी, मेरा देश भी घिरा था। मैं कह सकता था कि पूरी दुनिया के सामने संकट है। मैं क्या करूं। सभी अपना-अपना देखो। लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया। रोज टीवी पर आया। रोज देशवासियों से बात की। कभी ताली तो कभी थाली बजाने के लिए कहा तो कभी दिया जलाने के लिए कहा। वह कोरोना को तो खत्म नहीं करता था, लेकिन कोरोना के खिलाफ लड़ने की सामूहिक शक्ति को जन्म देता था।

### प्रधानमंत्री ने बताया अपने गवर्नेंस का सिद्धांत


पीएम ने कहा कि मेरा गवर्नेंस का सिद्धांत है कि अच्छी सरकार चलाने के लिए नीचे से ऊपर तक सही जानकारी आनी चाहिए। ऊपर से नीचे तक परफेक्ट गाइडेंस जाना चाहिए। यदि यह ठीक रहा तो आप चीजों को संभाल सकते हैं।

# 'यह कोई प्लेटफार्म नहीं, कि जो ट्रेन आई चढ़ गए'

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने सूचीबद्ध नहीं की गई एक याचिका का 12 बजे तत्काल सुनवाई के लिए उल्लेख किए जाने पर एक युवा वकील को सोमवार को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि यह कोई रेलवे प्लेटफार्म नहीं है कि जो भी ट्रेन आ गई बस चढ़ जाएं। वकील चाहते थे कि न्यायिक सुधारों के लिए अनुरोध करने वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई हो।

सीजेआइ के साथ जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे दिन की कार्यवाही शुरू होने पर पीठों के समक्ष तत्काल सूचीबद्ध किए जाने वाले मामलों पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान एक वकील जब अपने अनुरोध पर अड़े रहे तो जस्टिस चंद्रचूड़ ने उन्हें फटकार लगाते हुए कहा-'यह कोई प्लेटफार्म नहीं है कि जो भी ट्रेन आ गई बस चढ़ जाएं। आप इस तरह से कैसे उल्लेख कर सकते हैं? क्या आप सुप्रीम कोर्ट में वकालत करते हैं?' जब वकील ने कहा कि वह दिल्ली हाई कोर्ट में वकालत करते हैं तो सीजेआइ ने कहा- 'क्या दिल्ली हाई कोर्ट में ऐसा होता है कि वकील किसी भी वक्त खड़े हो जाते हैं और मामले का उल्लेख करते हैं?' उन्होंने वकील को शीर्ष अदालत की कार्यप्रणाली समझने के लिए किसी अधिवक्ता से संपर्क करने की सलाह दी।

# वादियों की जाति और धर्म का उल्लेख करने का चलन बंद करें : सुप्रीम कोर्ट



**कहा, वादी की जाति, धर्म का उल्लेख करने का कोई कारण नजर नहीं आता**

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि कोर्ट मामलों में धर्म एवं जाति का उल्लेख करने का चलन बंद होना चाहिए। साथ ही अपनी रजिस्ट्री व अन्य सभी अदालतों को इसे तत्काल बंद करने का निर्देश दिया।

जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस एहसानुद्दीन अमानुल्ला की पीठ ने सभी हाई कोर्टों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि उनके यहां या उनके अधिकार क्षेत्र में अधीनस्थ अदालतों के समक्ष दायर किसी भी याचिका में पक्षकारों के मेमो (पक्षकारों के ब्योरे) में किसी वादी की जाति या धर्म का उल्लेख न हो। पीठ ने कहा, 'हमें इस अदालत या निचली अदालतों के समक्ष किसी वादी की जाति या धर्म का उल्लेख करने का कोई कारण नजर नहीं आता। इस चलन को छोड़ना होगा और तुरंत बंद करना होगा। इसलिए यह सामान्य आदेश जारी करना उचित प्रतीत होता है कि अब से इस अदालत के समक्ष दायर किसी याचिका या कार्यवाही के पक्षकारों के मेमो में पक्षकारों की जाति या धर्म का उल्लेख नहीं किया जाएगा, भले ही निचली अदालतों के समक्ष ऐसे विवरण उपलब्ध कराए गए हों।'

शीर्ष अदालत ने यह आदेश राजस्थान में एक परिवार अदालत के समक्ष लंबित वैवाहिक विवाद में स्थानांतरण याचिका को अनुमति प्रदान करते हुए दिया। शीर्ष अदालत ने आश्चर्य व्यक्त किया कि पक्षकारों के मेमो में पति और पत्नी दोनों की जातियों का उल्लेख किया गया था। याचिकाकर्ता के वकील ने सूचित किया कि निचली अदालत में दाखिल पक्षकारों के मेमो में अगर किसी भी तरीके का परिवर्तन किया जाता है तो रजिस्ट्री इस पर आपत्ति करती है। वर्तमान मामले में नीचे की अदालत के समक्ष दोनों पक्षकारों की जातियों का उल्लेख किया गया था, लिहाजा उनके पास स्थानांतरण याचिका में भी उनकी जातियों का उल्लेख करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं था।

सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि उसके आदेश को तत्काल अनुपालन के लिए बार के सदस्यों के साथ-साथ रजिस्ट्री के संज्ञान में लाया जाएगा। पीठ ने कहा, 'इस आदेश की एक प्रति अवलोकन के लिए संबंधित रजिस्ट्रार के समक्ष रखी जाएगी और कड़ाई से अनुपालन के लिए सभी हाई कोर्टों के रजिस्ट्रार जनरलों को भेजी जाएगी।'

# राज्यसभा की 56 सीटों पर चुनाव 27 फरवरी को

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली**

राज्यसभा की 56 सीटों के लिए चुनाव 27 फरवरी को होगा। ये सीटें अप्रैल में 56 सदस्यों का कार्यकाल खत्म होने के कारण रिक्त हो रही हैं। जिन राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल खत्म हो रहा है, उनमें भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह भी शामिल हैं। निर्वाचन आयोग ने द्विवार्षिक चुनाव की तारीख की घोषणा करते हुए कहा कि आठ फरवरी को इसकी अधिसूचना जारी की जाएगी।

ये सीटें 15 राज्यों में हैं। इनमें सबसे अधिक 10 सीटें उत्तर प्रदेश में हैं, जबकि छह-छह सीटें बिहार और महाराष्ट्र में हैं। बिहार में एक दिन पहले ही सत्ताधारी गठबंधन का स्वरूप बदला है। नीतीश कुमार ने राजद और कांग्रेस का साथ छोड़कर भाजपा के साथ साझा सरकार बनाई है।

निर्वाचन आयोग के अनुसार, 50 राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल दो अप्रैल को और बाकी छह का उसके अगले दिन खत्म हो रहा है। अप्रैल में राज्यसभा के जिन सदस्यों का कार्यकाल खत्म हो रहा है, उनमें केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव, मनसुख मांडविया भी शामिल हैं। वैसे इस साल कुल 68 सदस्यों का कार्यकाल खत्म होगा। चार नामित सदस्यों का कार्यकाल जुलाई में पूरा होगा। ये हैं सोनल मान सिंह, महेश जेठमलानी, रामशकल और राकेश सिन्हा। अप्रैल में जिन सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो रहा है, उनमें ओडिशा से बीजद के प्रशांत नंदा और अमर पटनायक, भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी (उत्तराखंड), केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला, कांग्रेस के नारनभाई राठवा और अमी याग्निक भी हैं। कुल नौ केंद्रीय मंत्री राज्यसभा में अपना मौजूदा कार्यकाल अप्रैल में पूरा करेंगे। विदेश राज्यमंत्री वी. मुरलीधरन और सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री नारायण राणे की सीटों पर भी मतदान होना है।

फिर से निर्वाचित होने के लिए नड्डा को अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश से बाहर की कोई सीट देखनी होगी, क्योंकि वहां कांग्रेस सत्ता में आ चुकी है और भाजपा अपने उम्मीदवार को जीत दिलाने की स्थिति में नहीं है। कांग्रेस कर्नाटक (चार सीटें) और तेलंगाना (तीन) के जरिये अपने कम से कम पांच उम्मीदवारों को ऊपरी सदन में पहुंचा सकती है।

▶ **नड्डा, मनमोहन, प्रधान और अश्विनी वैष्णव का खत्म हो रहा कार्यकाल**

▶ **सबसे अधिक 10 सीटें यूपी में, बिहार व महाराष्ट्र में छह-छह सीटें**




**राज्यवार चुनावी सीटें**

| राज्य | सीटें | मध्य प्रदेश | 5 |
|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 3 | महाराष्ट्र | 6 |
| बिहार | 6 | तेलंगाना | 3 |
| छत्तीसगढ़ | 1 | उत्तर प्रदेश | 10 |
| गुजरात | 4 | उत्तराखंड | 1 |
| हरियाणा | 1 | बंगाल | 5 |
| हिमाचल प्रदेश | 1 | ओडिशा | 3 |
| कर्नाटक | 4 | राजस्थान | 3 |

महाराष्ट्र में छह सीटों पर राज्यसभा चुनाव खासा दिलचस्प होगा, क्योंकि राज्य में शिवसेना और राकांपा में विभाजन के बाद राजनीतिक परिदृश्य पूरी तरह बदल गया है। बंगाल से तृणमूल कांग्रेस के अबीर रंजन बिस्वास, सुभाष चक्रवर्ती, मोहम्मद नदीमुल हक और शांतनु सेन और कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी का कार्यकाल अप्रैल में पूरा होगा।

बिहार से राजद के मनोज कुमार झा और अहमद अशफाक करीम, जदयू के अनिल प्रसाद हेगड़े और वशिष्ठ नारायण सिंह तथा भाजपा के सुशील कुमार मोदी के साथ ही कांग्रेस के अखिलेश प्रसाद सिंह का कार्यकाल पूरा हो रहा है। उत्तर प्रदेश से जिन सदस्यों का कार्यकाल अप्रैल में पूरा होगा, उनमें भाजपा के अनिल अग्रवाल, अशोक वाजपेयी, अनिल जैन, कांता कर्दम, सकलदीप राजभर, जीवीएल नरसिंह राव, विजय पाल सिंह तोमर, सुधांशु त्रिवेदी, हरनाथ सिंह यादव और सपा से जया बच्चन हैं। यहां भाजपा को अपने सदस्यों की जीत दिलाने में असुविधा नहीं होनी चाहिए, लेकिन सपा भी कुछ अधिक की आशा कर सकती है। छत्तीसगढ़ से भाजपा की सरोज पांडेय तथा हरियाणा से डीपी वत्स का कार्यकाल भी अप्रैल में समाप्त होगा।

# लड़कियों की विवाह उम्र बढ़ाने पर गठित संसदीय समिति का कार्यकाल बढ़ा

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** लड़कियों की शादी की न्यूनतम उम्र 18 से बढ़ाकर 21 साल करने वाले विधेयक पर विचार कर रही एक संसदीय समिति को अपनी रिपोर्ट पेश करने के लिए अतिरिक्त समय दिया गया है। आगामी 31 जनवरी से शुरू होने वाला संसद का बजट सत्र लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले वर्तमान लोकसभा का आखिरी सत्र है। समिति अब चार महीने के कार्यकाल विस्तार के बाद मई तक अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देगी जबकि 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को समाप्त हो रहा है।

बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक, 2021 दो साल पहले लोकसभा में पेश किया गया था और ऐसे में वर्तमान लोकसभा का कार्यकाल पूरा होने के बाद यह विधेयक निष्प्रभावी हो सकता है। गत 24 जनवरी के बुलेटिन में कहा गया है कि राज्यसभा के सभापति ने बाल विवाह निषेध से संबंधित विधेयक पर विचार के लिए शिक्षा, महिला, बच्चे, युवा और खेल संबंधी संसदीय स्थायी समिति को 24 जनवरी, 2024 से चार महीने की अवधि के लिए समय विस्तार दिया है।

# सीएए लागू करने में सीमित हो सकती है राज्यों की भूमिका

**नीलू रंजन, नई दिल्ली**

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के अन्य नेता भले ही अपने राज्य में सीएए को लागू नहीं होने देने का दावा कर रहे हों, लेकिन नागरिकता का मुद्दा पूरी तरह से केंद्रीय विषय होने के कारण नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लागू करने में राज्यों और खासकर जिलाधिकारियों की भूमिका सीमित हो सकती है। सीएए के तहत नागरिकता देने की पूरी प्रक्रिया आनलाइन होगी और आवेदक के दावे के वेरीफिकेशन के लिए जिलाधिकारी के अलावा किसी अन्य केंद्रीय एजेंसी को अधिकार देने का विकल्प भी खुला हुआ है।

गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस महीने के शुरू में ही सीएए के नियम बन जाने पर आनलाइन पोर्टल के माध्यम से इसके लिए आवेदन की सुविधा दिए जाने का दावा किया था। उनका कहना था कि लोकसभा चुनाव के पहले सीएए को पूरे देश में लागू किया जा सकता है। अब केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने एक हफ्ते के भीतर इसके लागू होने का दावा किया है। वैसे तो केंद्र सरकार को सीएए के लिए बने नियमों को सीधे अधिसूचित करने का अधिकार है और अधिसूचित होते ही ये नियम लागू हो जाएंगे। लेकिन संसदीय नियम के मुताबिक इन नियमों को अगले संसद सत्र में सदन के पटल पर रखना होगा। एक हफ्ते में लागू होने की स्थिति में इन नियमों को 31 जनवरी से सात फरवरी तक चलने वाले बजट सत्र में रखना होगा। लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी आचार्य के अनुसार वैसे तो नियमों को सदन से पास कराने की जरूरत नहीं, लेकिन यदि किसी सदस्य ने इसमें संशोधन करने या इसे निरस्त करने का नोटिस दिया, तो उस पर चर्चा कराना अनिवार्य हो जाएगा। ऐसी स्थिति में आगामी सत्र में सीएए को लेकर हंगामा देखने को मिल सकता है।

दूसरी ओर किसी भी व्यक्ति के नागरिकता के आवेदन को प्रोसेस करने के लिए गृह मंत्रालय अपना अधिकार जिलाधिकारी को देता है। लेकिन मंत्रालय के पास यह अधिकार है कि वह जिलाधिकारी के बजाय किसी अन्य अधिकारी को भी नागरिकता के आवेदनों को प्रोसेस के लिए चुन सकता है। इस बार चूंकि आवेदन की पूरी प्रक्रिया आनलाइन होगी, इसीलिए जिलाधिकारी की भूमिका सीमित या नगण्य हो सकती है। गृह मंत्रालय सुविधा के अनुसार किसी जिले में जिलाधिकारी को, तो किसी अन्य जिले में दूसरे अधिकारी को यह अधिकार दे सकता है। बंगाल जैसे विपक्ष शासित राज्यों में वेरीफिकेशन का अधिकार पोस्ट आफिस या किसी अन्य केंद्रीय एजेंसी को भी दिया जा सकता है।

### राजनीतिक और सामाजिक नफा-नुकसान का समीकरण

**प्रथम पृष्ठ से आगे**

तृणमूल कांग्रेस शुरू से सीएए का विरोध करती आ रही है। उसका कहना है कि मतुआ समुदाय को पहले से सभी नागरिक अधिकार प्राप्त हैं। भाजपा सीएए के नाम पर इन्हें गुमराह कर रही है। भाजपा का कहना है कि सीएए को लेकर तृणमूल मतुआ समुदाय को गुमराह कर रही है। दरअसल, सीएए लागू होने से सबसे ज्यादा फायदा मतुआ समुदाय को होगा। वर्ष 2019 में केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा लाए गए सीएए का उद्देश्य 31 दिसंबर, 2014 से पहले भारत में बसे बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाइयों सहित प्रताड़ना झेल चुके गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करना है। माना जा रहा है कि अगर सीएए लागू होता है तो बंगाल में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले मुस्लिमों की बड़ी आबादी नागरिकता पाने के अधिकार से वंचित हो जाएगी, जो टीएमसी का वोट बैंक माना जाता है। इसके अलावा राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी को सीएए लागू होने से मतुआ समुदाय का वोट बैंक पूरी तरह से खिसकने का डर है। इसलिए वह इसका विरोध करती हैं।

**इसलिए मतुआ समुदाय पर रहती है राजनीतिक दलों की नजर :** बंगाल की अनुसूचित जाति की आबादी में मतुआ समुदाय का एक बड़ा हिस्सा है। पिछली सदी के पांचवें दशक में यह समुदाय मुख्यरूप से तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में धार्मिक उत्पीड़न के कारण बंगाल की ओर पलायन कर गया था। पिछली सदी के नौवें दशक के बाद से बंगाल में राजनीतिक दलों ने सक्रिय रूप से मतुआ समुदाय के लोगों का समर्थन हासिल करने की कोशिश शुरू की, क्योंकि ये अपनी उल्लेखनीय आबादी और एक साथ मतदान करने की प्रवृत्ति के कारण एक अहम वोट बैंक माने जाते हैं। इनकी आबादी करीब एक करोड़ है तथा बंगाल की लगभग 70 विधानसभा सीटों पर इनका प्रभाव है।

# 'एलएसी पर हालात स्थिर, लेकिन संवेदनशील'



**सेना प्रमुख ने कहा, पिछले एक वर्ष में नहीं बना टकराव वाला कोई और क्षेत्र**

**नई दिल्ली, एएनआइ :** थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने सोमवार को कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर हालात स्थिर, लेकिन संवेदनशील हैं। लेकिन पिछले एक वर्ष में भारत और चीन के बीच टकराव वाला कोई और क्षेत्र नहीं बना है। जनरल पांडे ने एक साक्षात्कार में कहा, 'समाधान के प्रयासों की बात करें तो चीन के साथ सैन्य स्तर के साथ-साथ राजनयिक स्तर पर भी वार्ता और संवाद जारी है। अप्रैल, 2020 के बाद से दोनों देशों के बीच 20 उच्चस्तरीय सैन्य वार्ताएं और भारत-चीन सीमा मामलों पर वर्किंग मैकेनिज्म फार कंसल्टेशन एंड कोआर्डिनेशन (डब्ल्यूएमसीसी) की 14 बैठकें हो चुकी हैं।' उल्लेखनीय है कि मई, 2020 में जब चीन ने पूर्वी लद्दाख में आक्रामक रूप से यथास्थिति बदलने का प्रयास किया था, तभी से दोनों देशों ने अग्रिम मोर्चों पर अपने सैन्य बल तैनात कर रखे हैं।

उत्तरी सीमा पर सेना की तैयारियों के बारे में जनरल पांडे ने कहा, 'हमारी तैनाती मजबूत व संतुलित है और किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए हमने पर्याप्त रिजर्व भी रखे हैं। जब यह सब कुछ हो रहा है तो हम नई तकनीक का इस्तेमाल, आधुनिकीकरण और सुरक्षा वाहनों, निगरानी ड्रोन, बेहतर संचार रेडियो सेट जैसी बेहतर प्रणालियों को शामिल करके अपनी क्षमताओं के विकास पर भी फोकस कर रहे हैं। साथ ही हमारा प्रयास एवं फोकस बुनियादी ढांचा विकास पर भी है।

**आतंकियों से निपटने का अभियान जारी रहेगा :** जनरल पांडे ने कहा कि पिछले वर्ष नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर हिंसा के स्तर में कमी आई है और सेना एलओसी व भीतरी इलाकों में आतंकियों का मुकाबला करने के लिए अपना अभियान लगातार जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि 2023 में जम्मू-कश्मीर में 71 आतंकियों को मार गिराया गया जिनमें से 35 अंदरूनी इलाकों में मारे गए। राजौरी एवं पुंछ में हाल ही में आतंकी गतिविधियों में वृद्धि के बारे में कहा कि एलओसी पर तैनाती और घुसपैठ रोधी प्रणालियों को मजबूत किया गया है।

### आयात निर्भरता लगभग शून्य करने की जरूरत

सेना में आत्मनिर्भरता बढ़ाने पर जनरल पांडे ने कहा, 'कोविड महामारी व रूस-यूक्रेन युद्ध से सीखा गया एक महत्वपूर्ण सबक यह है कि हमें आत्मनिर्भर बनने और अपनी आयात निर्भरता लगभग शून्य करने की जरूरत है। इसके लिए हम देश की नवाचार क्षमता के साथ-साथ वाइब्रेंट स्टार्टअप ईकोसिस्टम का लाभ उठाना चाहते हैं।' उन्होंने बताया कि भविष्य में सेना की लगभग शत प्रतिशत खरीद स्वदेशी रूट से की जाएगी। आज की तिथि में आर्मी डिजायन ब्यूरो लगभग 350 डिजायन एंड डेवलपमेंट के साथ-साथ अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं पर काम कर रहा है जिसमें वे डीआरडीओ सहित लगभग 450 उद्योगों से जुड़ रहे हैं। लागत के लिहाज से यह लगभग 1.8 लाख करोड़ रुपये है। सेना प्रमुख ने कहा, 'हम क्वांटम कंप्यूटिंग परीक्षणों के अंतिम चरण में हैं, इसके पूरा हो जाने पर हमारे पास क्वांटम कंप्यूटिंग इंक्रिप्शन एंट टेक्नोलाजी के जरिये बेहतर सुरक्षित कम्युनिकेशन होगा।'

# यूपी, बिहार और मध्य प्रदेश में घटी युवा बेरोजगारी दर

▶ **वित्त मंत्रालय ने कहा, 2022-23 में 10 प्रतिशत रही 15-29 उम्र वर्ग की बेरोजगारी दर**



प्रतीकात्मक

**नई दिल्ली, आइएएनएस :** वित्त मंत्रालय द्वारा अर्थव्यवस्था पर जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि युवाओं के बीच बेरोजगारी दर में गिरावट का नेतृत्व युवा आबादी की बड़ी हिस्सेदारी वाले राज्यों (उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश) ने किया। रिपोर्ट में श्रम आवधिक बल सर्वे के हवाले से कहा गया है कि 15-29 उम्र वर्ग की बेरोजगारी दर 2017-18 में 17.8 प्रतिशत घटकर 2022-23 में 10 प्रतिशत हो गई है।

इसी तरह युवाओं की श्रम बल भागीदारी दर 38.2 प्रतिशत से बढ़कर 44.5 प्रतिशत हो गई। इन छह वर्षों में रोजगार पाने वाले युवाओं का अनुपात 31 प्रतिशत से बढ़कर 40.1 प्रतिशत हो गया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि युवाओं के बीच बेरोजगारी दर घटाने में उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के 2021 के जनसंख्या अनुमान के अनुसार उत्तर प्रदेश में 6.9 करोड़, बिहार में 3.5 करोड़ और मध्य प्रदेश में 2.3 करोड़ युवा हैं। उत्तर प्रदेश में युवाओं के बीच बेरोजगारी दर 2017-18 के 16.7 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में सात प्रतिशत हो गई है। इसी तरह प्रदेश में युवाओं की श्रम बल भागीदारी दर 33.7 प्रतिशत से बढ़कर 41.4 प्रतिशत हो गई है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत 2015 से अब तक 1.4 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है। इसकी बदौलत वर्ल्ड स्किल प्रतिस्पर्धा में भारत 2022 में 11वें स्थान पर रहा जबकि 2011 में 39वें स्थान पर था।

(पेज 10 भी देखें)

**गौरव गान**

**नई दिल्ली के विजय चौक पर तीनों सेना के साथ अर्धसैनिक सैनिक बल के बैंड ने दी 31 धुनों की प्रस्तुति**

# बीटिंग रिट्रीट समारोह में भारतीय धुनों की प्रस्तुति ने भरा जोश

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली**

विजय चौक पर सोमवार को बीटिंग रिट्रीट में सेना और अर्धसैनिक बलों के बैंड की संगीतमय प्रस्तुति के साथ गणतंत्र दिवस समारोह संपन्न हुआ। राष्ट्रपति और सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पारंपरिक बग्गी में महोत्सव स्थल तक पहुंचीं और सलामी लीं। इस मौके पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई केंद्रीय मंत्री, चीफ आफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आम लोगों ने इस उत्सव का आनंद उठाया।

बीटिंग रिट्रीट सदियों पुरानी सैन्य परंपरा का प्रतीक है, जब सेनाएं सूर्यास्त होने पर लड़ना बंद कर देती थीं और युद्ध मैदान से शिविरों में लौटती थीं। यह समारोह बीते समय की यादें ताजा करता है। भारतीय थलसेना, भारतीय नौसेना, भारतीय वायुसेना समेत अर्धसैनिक बल के संगीत बैंड ने दर्शकों के सामने मनमोहक और झूमने पर मजबूर कर देने वाली 31 भारतीय धुनें बजाईं। समारोह की शुरुआत सामूहिक बैंड की 'शंखनाद' धुन के साथ हुई। उसके बाद पाइप और ड्रम बैंड की ओर से वीर भारत, संगम दूर, देशों का सरताज भारत और अर्जुन जैसी मनमोहक धुनें प्रस्तुत की गईं। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के बैंड ने भारत के जवान और विजय भारत धुन प्रस्तुत की। भारतीय वायुसेना के बैंड ने 'टाइगर हिल', 'रेजाइस इन रायसीना' और 'स्वदेशी' के धुन बजाई, जबकि भारतीय नौसेना के बैंड की धुनें 'आइएनएस विक्रांत', 'मिशन चंद्रयान', 'जय भारती' और 'हम तैयार हैं' का दर्शकों ने आनंद उठाया। थलसेना के बैंड ने 'फौलाद का जिगर', 'अग्निवीर', 'कारगिल 1999' और 'ताकत वतन' सहित कई धुनें प्रस्तुत कीं। सामूहिक बैंड 'कदम कदम बढ़ाए जा' और 'ड्रमर्स काल' की धुन ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का समापन 'सारे जहां से अच्छा' के साथ किया गया। समारोह के मुख्य संचालक लेफ्टिनेंट कर्नल विमल जोशी रहे।



नई दिल्ली में सोमवार को बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान देशभक्ति की स्वदेशी धुन बजाता सेना का बैंड। एएनआइ



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली में विजय चौक पर बीटिंग रिट्रीट समारोह में पारंपरिक बग्गी से पहुंचीं। ध्रुव कुमार

*********

**कह कर रहेंगे** माधव जोशी



www.jagran.com राष्ट्रीय संस्करण
दैनिक जागरण
मंगलवार 30 जनवरी, 2024

दैनिक जागरण

गलतियों को चिह्नित किए बिना सुधार असंभव है

## कांग्रेस की राजनीतिक जमीन

अब इसमें कोई संदेह नहीं कि नीतीश कुमार के आइएनडीआइए से अलग होने के बाद इस गठबंधन के साथ-साथ कांग्रेस की भी कठिनाई बढ़ने जा रही है। अपनी इस कठिनाई के लिए वही अधिक जिम्मेदार है। नीतीश कुमार जिन कारणों से आइएनडीआइए से अलग हुए, उनमें एक बड़ा कारण उन्हें इस गठबंधन का संयोजक न बनाया जाना रहा। नीतीश कुमार आइएनडीआइए के संयोजक बनने के अधिकारी इसलिए थे, क्योंकि उन्होंने ही कांग्रेस के नेतृत्व में अन्य विपक्षी दलों को एकजुट करने की पहल की थी। कांग्रेस ने केवल नीतीश कुमार की ही अनदेखी नहीं की, बल्कि उसने आइएनडीआइए के अन्य घटकों को एकजुट करने और सीटों के बंटवारे को महत्व देने के स्थान पर राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालने को प्राथमिकता प्रदान की। इस यात्रा का उपयोग आइएनडीआइए की एकजुटता को मजबूत करने में किया जा सकता था, लेकिन कोई नहीं जानता कि कांग्रेस ने ऐसा करना आवश्यक क्यों नहीं समझा? उसने घटक दलों को इस यात्रा में सम्मिलित होने का औपचारिक निमंत्रण देकर कर्तव्य की इतिश्री ही अधिक की और इसी कारण ममता बनर्जी ने उसमें हिस्सा नहीं लिया। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी घोषणा कर दी कि वह लोकसभा चुनाव अपने बलबूते पर लड़ेंगी। अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को 11 सीटें देने की घोषणा अवश्य कर दी, लेकिन यह घोषणा उन्होंने कांग्रेस से व्यापक विचार-विमर्श के बजाय अपने स्तर पर ही की। कांग्रेस का इससे संतुष्ट न होना स्वाभाविक है।

यदि नीतीश कुमार आइएनडीआइए में बने रहते तो कांग्रेस को केवल बिहार में ही लाभ नहीं मिलता, बल्कि उत्तर भारत में भी उसके पक्ष में मनोवैज्ञानिक माहौल बनता, जहां वह बहुत अधिक कमजोर है। अब ऐसा होने के आसार कम हैं। इसका एक कारण कांग्रेस की ओर से राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार करना भी है। पता नहीं, कांग्रेस के रणनीतिकार यह साधारण सी बात क्यों नहीं समझ सके कि सांस्कृतिक महत्व के इतने महत्वपूर्ण आयोजन में न जाना और उसके निमंत्रण को ठुकराना एक ही बात नहीं। आइएनडीआइए में भले ही दो दर्जन से अधिक राजनीतिक दल शामिल हों, लेकिन संप्रग के बाहर का कोई बड़ा राजनीतिक दल कांग्रेस के साथ मजबूती से खड़ा नहीं दिख रहा है। जैसे ममता बनर्जी बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुकी हैं, वैसे ही आम आदमी पार्टी भी यह स्पष्ट कर चुकी है कि वह पंजाब में अपने दम पर लड़ेगी। पता नहीं दिल्ली में क्या होगा, लेकिन यह स्पष्ट है कि कांग्रेस आइएनडीआइए को सशक्त नहीं कर सकी। हैरानी नहीं कि अब आइएनडीआइए की राजनीतिक हैसियत संप्रग सरीखी ही नजर आए। कांग्रेस यह मानकर चल सकती है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में निकल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा लोगों के आकर्षण का केंद्र बन रही है, लेकिन सच यह है कि उसकी राजनीतिक जमीन मजबूत होती नहीं दिख रही है।

## रुके मानव तस्करी

झारखंड में मानव तस्करी बड़ी समस्या रहा है। राज्य के विभिन्न हिस्सों से व्यापक पैमाने पर बच्चों और महिलाओं को काम कराने के लिए महानगरों में ले जाया जाता रहा है। कई बार इनकी खरीद-बिक्री भी होती है और तरह-तरह से इनका शोषण किया जाता है। किशोरियां, युवतियां और महिलाएं इसकी ज्यादा शिकार होती हैं। बच्चे-बच्चियों और किशोर-किशोरियों का भविष्य तस्करों, दलालों, ठेकेदारों के चंगुल में फंसकर बर्बाद हो जाता है। घर से सैकड़ों किलोमीटर दूर बहला-फुसलाकर ले जाए जाने के बाद इनके लिए घर लौटना भी मुश्किल हो जाता है। वहीं घर वालों से भी संपर्क टूट जाता है और इन्हें काम को उचित मजदूरी भी नहीं मिलती।

> झारखंड के लिए मानव तस्करी किसी अभिशाप से कम नहीं। इसे रोकने के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे


गुहार लगाए जाने पर या मदद के लिए किसी के आगे आने पर इन्हें मुक्त कराया जाता है। झारखंड में कुछ बड़े मानव तस्कर अब सलाखों के पीछे हैं, लेकिन मानव तस्करी का खेल रोके नहीं रुक रहा है। इसे रोकने के लिए सामाजिक जागरूकता आवश्यक है। वहीं तस्करी रोकने के लिए पुलिस-प्रशासन को भी अपना तंत्र मजबूत करना होगा। रविवार को नई दिल्ली में 14 नाबालिग समेत 19 लड़कियों को मुक्त कराया गया है। इसके पीछे राज्य सरकार का सार्थक प्रयास भी रहा है। बालिकाओं को विभिन्न क्षेत्रों से मुक्त कराकर पुनर्वास केंद्रों में अथवा उनके ही घरों में पुनर्वासित कराया जा रहा है। बावजूद इसके मानव तस्करों की गतिविधियां जारी हैं और उन्हें रोकने के प्रयास विफल हो रहे हैं। इस स्थिति को बदलना होगा, क्योंकि यह किसी कलंक और दुर्भाग्य से कम नहीं।

# संभव हैं एक साथ चुनाव



डा. एके वर्मा

**देश में एक साथ चुनाव दुष्कर अवश्य हैं, लेकिन असंभव नहीं। इस मामले में जर्मनी जैसे कुछ देशों की व्यवस्था का अनुसरण उपयोगी हो सकता है**



अवधेश राजपूत

पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द की अध्यक्षता में 'एक देश-एक चुनाव' पर गठित समिति ने देश में सभी पक्षों और जनता से 15 जनवरी तक सुझाव मांगे थे। समिति इन सुझावों पर विचार करने के साथ विभिन्न विशेषज्ञों से मंत्रणा कर रही है। सर्वप्रथम 1983 में चुनाव आयोग ने लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ करने का सुझाव दिया था। फिर 1999 में जस्टिस बीपी जीवन रेड्डी की अध्यक्षता में गठित विधि आयोग ने चुनाव कानून सुधारों पर अपनी रिपोर्ट में इसकी संस्तुति की। 2017 में पूर्व-राष्ट्रपतियों प्रणब मुखर्जी और कोविन्द ने भी इसका समर्थन किया। 26 नवंबर, 2017 को नीति आयोग और विधि आयोग द्वारा आयोजित संविधान दिवस पर पीएम नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में इस पर राष्ट्रीय विमर्श का आह्वान किया। तब विधि आयोग ने 2018 में इस पर विचार-विमर्श किया और रिपोर्ट सौंपी।

स्वतंत्रता के बाद चार बार लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए, मगर 1967 में आठ राज्यों में गैर-कांग्रेसी गठबंधन सरकारें बनने और दलबदल की समस्या से अस्थिरता आने के कारण यह क्रम टूट गया। आज चुनाव आयोग को प्रतिवर्ष चार-पांच राज्यों में चुनाव कराने पड़ते हैं, जिसमें अपने दल के स्टार प्रचारक के रूप में प्रधानमंत्री और तमाम मंत्रियों को लगना पड़ता है। इससे शासन-प्रशासन प्रभावित होता है। आदर्श आचार-संहिता से विकास कार्यों में बाधा पड़ती है। अत्यधिक धन खर्च होता है। पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न होता है। दक्षिण अफ्रीका, स्वीडन, बेल्जियम, इंडोनेशिया और अमेरिका जैसे कई देशों में एक-साथ चुनाव होते हैं, जो दर्शाता है कि एक साथ चुनाव लोकतंत्र और संघवाद के विपरीत नहीं। इंग्लैंड में भी 2011 में संसद ने 'निश्चित कार्यकाल अधिनियम' पारित किया जिसके अनुसार मध्यावधि चुनाव तभी होंगे जब संसद दो तिहाई बहुमत से इसकी संस्तुति करे। इंग्लैंड में सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित हो जाए, तब भी प्रधानमंत्री संसद को तुरंत भंग नहीं करा सकता। संसद के पास विकल्प होता है कि वह 14 दिनों के भीतर वैकल्पिक सरकार गठित कर सके।

जहां तक एक साथ चुनाव की बात है तो इस राह में भारत में दो प्रमुख संवैधानिक अवरोध दिखते हैं। पहला यह कि भिन्न-भिन्न समयावधि वाली विधानसभाओं और लोकसभा को एक साथ चुनाव के लिए कैसे साथ लाया जाए? चुनावों को एक साथ कराने का मुद्दा टेढ़ा है। इसमें कानूनी और संवैधानिक तरीकों के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक दलों और राज्य सरकारों में आम सहमति की जरूरत भी होगी। संभव है कि कुछ विधानसभाओं का कार्यकाल बढ़ाना पड़े और कुछ सरकारों को समय से पूर्व त्यागपत्र दिलाना पड़े। यह उतना आसान नहीं होगा। दूसरा अवरोध यह है कि एक साथ चुनाव हों भी तो कैसे सुनिश्चित किया जाए कि यह क्रम बना रहे। एक बार निर्वाचित होने पर अनेक कारणों से लोकसभा या विधानसभाओं को भंग होना पड़ता है। जैसे प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री पांच वर्ष के पहले ही त्यागपत्र दे दे। सरकार अविश्वास के प्रस्ताव पर पराजित हो जाए और लोकसभा या विधानसभा को भंग करने की सलाह दे। अनुच्छेद 356 के अंतर्गत किसी राज्य में आपातकाल लागू होने पर सरकार को बर्खास्त कर विधानसभा भंग कर दी जाए। सरकार का बजट प्रस्ताव गिर जाए और वह त्यागपत्र देकर नए चुनाव की सलाह दे या चुनावों के बाद कोई भी सरकार बनाने की स्थिति में न हो और पुनः मध्यावधि चुनाव करना पड़े आदि-इत्यादि। स्पष्ट है कि उपरोक्त प्रत्येक स्थिति में लोकसभा या विधानसभाएं भंग होती हैं, जिससे चुनावों का क्रम बिगड़ता है। ऐसे में सरल उपाय यह है कि संविधान से लोकसभा और विधानसभाओं के भंग होने का प्रविधान ही समाप्त कर दिया जाए और उसे निलंबित रखने का प्रविधान किया जाए। इससे चुनावों का पंचवर्षीय क्रम नहीं बिगड़ेगा। निर्वाचित प्रतिनिधियों को पूरे पांच वर्ष का कार्यकाल मिलेगा। विकास कार्यों में बाधा नहीं आएगी। शासन और प्रशासन का ध्यान नहीं बंटेगा। पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी तथा जनता और चुनाव-आयोग को बार-बार चुनावों से छुटकारा मिलेगा।


सरकारों के गिरने से उत्पन्न अस्थिरता से निपटने के लिए जर्मनी के संविधान का अनुसरण किया जा सकता है। जर्मन संविधान के अनुच्छेद 67 के अनुसार विपक्ष अपने प्रधानमंत्री (चांसलर) के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव तभी ला सकता है, जबकि वह पहले उसका उत्तराधिकारी चुने, जिससे सरकार गिरने की स्थिति में देश को तत्काल एक नई सरकार मिल सके। हालांकि यदि चांसलर स्वयं विश्वास प्रस्ताव लाए (जैसे बजट पर) और हार जाए तो अनुच्छेद 68 के अनुसार वह सदन को तत्काल भंग नहीं करा सकता। सदन को 21 दिन का समय मिलता है कि वह कोई नया चांसलर चुन सके। इसे कुछ संशोधनों के साथ हम स्वीकार कर सकते हैं, जिससे बिना चुनाव कराए सरकारों में परिवर्तन हो सके। फिर भी, दोबारा 1967 जैसी स्थिति न उत्पन्न हो और चुनावों का पंचवर्षीय क्रम बना रहे, इसके लिए संविधान के अनेक प्रविधानों जैसे अनुच्छेद 75(3), 83, 85(1), 113, 164(2), 172, 174(1), 203, 243(यू), संविधान के भाग 15 (चुनाव संबंधी), 10वीं अनुसूची, और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950-51 एवं लोकसभा की कार्यप्रणाली संबंधी नियम 198 आदि में संशोधन करना पड़ेगा। इनमें कुछ संशोधनों के लिए आधे राज्यों की सहमति की भी जरूरत पड़ेगी।

यह कार्य दुष्कर अवश्य है, लेकिन असंभव बिल्कुल नहीं। इस मुद्दे पर वर्तमान सांसद और विधायक एकमत हो सकते हैं, क्योंकि इसमें उनका भी व्यापक लाभ निहित है। एक बार निर्वाचित होने पर उनका पांच वर्ष का कार्यकाल सुरक्षित हो जाएगा और वे भी रोज-रोज के चुनावी झंझट से बचेंगे। फिर चुनाव बहुत खर्चीले भी हो गए हैं और सभी जनप्रतिनिधि चाहेंगे कि किसी तरह उनको पांच वर्ष के पूर्व चुनाव में न उतरना पड़े। यदि मोदी सरकार सभी सांसदों और सभी राज्यों के विधायकों को इसे समझा सकी तो उपरोक्त सभी संशोधनों पर दलीय सहमति प्राप्त की जा सकेगी।

(लेखक सेंटर फार द स्टडी आफ सोसायटी एंड पालिटिक्स के निदेशक एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं)


response@jagran.com

# साकार हो गांधी के रामराज्य का सपना



राघवेंद्र प्रसाद तिवारी

**गांधी जी रामराज्य की बात इसीलिए करते थे, क्योंकि उनके लिए राम मानव जीवन के उच्चतम आदर्श थे**



राजनीति का केंद्रीय व्यक्तित्व बनें राम। फाइल

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके महनीय कार्यों को स्मरण करते हुए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि वह पिछली सदी के प्रमुख राजनीतिक एवं सामाजिक नेताओं में से एक थे। जब मानवता गृहयुद्ध, उपनिवेशवाद, बर्बरता एवं विश्वयुद्धों से त्रस्त थी, तब गांधी जी ने शांति, प्रेम, सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह, नैतिकता, शुचिता एवं करुणा की ज्योति प्रज्वलित की। प्रयोगधर्मी व्यक्तित्व के कारण उन्होंने इन मूल्यों को व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन में रोपित किया। उनका दृढ़ विश्वास था कि सत्य एवं अहिंसा के सहारे बड़े से बड़ा युद्ध जीता जा सकता है। प्रश्न है कि गांधी जी को सत्य एवं अहिंसा की प्रेरणा कहां से मिली? वास्तव में गांधी के प्रेरणास्रोत मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम थे। डा. राममनोहर लोहिया ने कहा था कि राम का चरित्र कुछ ऐसा है कि उनके पीछे चलने को जी चाहता है, किंतु अब यह कहने का मानो फैशन ही चल पड़ा है कि राम का राजनीतिक उपयोग नहीं होना चाहिए। जब कभी यह कहा जाता है कि इस या उस मामले में राजनीति न की जाए या फिर राजनीति नहीं होनी चाहिए, तब उसका मतलब होता है कि संकीर्ण राजनीति नहीं होनी चाहिए। संकीर्ण राजनीति को राजनीति का पर्याय बना देना ठीक नहीं। यदि राजनीति का उद्देश्य समाज को दिशा देना और उसका कल्याण करना है तो फिर हर क्षेत्र में उसका समावेश क्यों नहीं होना चाहिए? वास्तव में राम ही देश की राजनीति के केंद्रीय व्यक्तित्व होने चाहिए। आदर्श जीवन, राज्य एवं प्रजा-राजा का संबंध कैसा हो, इसके सूत्र रामकथा में मिलते हैं। गांधी रामराज्य की बात इसीलिए करते थे, क्योंकि उनके लिए राम मानव जीवन के उच्चतम आदर्श थे।

गोस्वामी तुलसीदास राम नाम को 'घर' मानते थे। अनुलोम-विलोम की तरह ही 'राम' शब्द का जाप नाड़ी शोधन करता है और दोनों नाड़ियों में प्रवाहित ऊर्जा में तारतम्य बैठाता है। अर्थात 'राम' नाम के उच्चारण से न केवल आध्यात्मिक, अपितु भौतिक उन्नति भी सुनिश्चित होती है। इस प्रकार राम नाम तारक है तो उनकी राजव्यवस्था प्रजा हितकारी। ऐसे में राम से जुड़कर विश्वास प्रबल होता है कि जीवन मंगलकारी होगा। इसीलिए गांधी ने राम के आदर्शों को आंदोलनों में समाहित कर स्वतंत्रता के लिए लोगों को प्रेरित किया। स्वतंत्रता को परिभाषित करते हुए उन्होंने कहा कि उनके लिए स्वतंत्रता के सपने का अर्थ है रामराज्य की स्थापना यानी आदर्श राज्य का तत्व रामराज्य है। राम ने जैसा राज किया, वैसा ही उन्हें संपूर्ण मानवता के लिए अभिप्रेत था। जनमानस के बीच हजारों साल से चली आ रही रामकथा में आखिर ऐसा क्या है कि स्वतंत्रता आंदोलन का महानायक उसका सहारा लेता है? एक आधुनिक सामाजिक-राजनीतिक चिंतक को पौराणिक-आध्यात्मिक चरित्र की आवश्यकता क्यों पड़ी?

देखा जाए तो गांधी द्वारा चलाए गए आंदोलनों की विशिष्टता एक पौराणिक आख्यान को स्वाधीनता आंदोलन एवं मानव जीवन से जोड़ देने में थी। परतंत्रता के दौर में देश अंग्रेजों की मानव विरोधी नीतियों और अमानुषिक कृत्यों से पीड़ित था। नमक कानून, रालेट एक्ट, जलियांवाला बाग हत्याकांड, नील की खेती आदि ऐसे कुकृत्य थे जिनसे जनसामान्य में रोष था। वह विकल्प की तलाश में थे और उन्हें यह विकल्प रामराज्य में दिखा था। तुलसीदास द्वारा वर्णित रामराज्य के स्वीकृत मूल्यों को अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा से जोड़कर गांधी जी ने अध्यात्म एवं सामाजिकता की युति बनाने का अभूतपूर्व प्रयत्न किया। गांधी ने यंग इंडिया में लिखा, 'मैं जितने धर्मों को जानता हूं, उनमें हिंदू धर्म सर्वाधिक सहिष्णु है। मेरा हिंदू धर्म मुझे सभी धर्मों का सम्मान करना सिखाता है। यह न केवल मनुष्य, बल्कि प्राणिमात्र की एकता एवं पवित्रता में विश्वास रखता है।' गांधी के अनुसार, 'रामराज्य अर्थात जहां अंत्योदय की प्रकृति राज करती हो। रामराज्य ही वास्तविक लोकतंत्र है। न्याय व्यवस्था में राजा और रंक का भेद नहीं होता।' राम ने प्रजा को निर्भय करते हुए कहा था, 'यदि राजा होते हुए भी मैं कुछ अनीति करूं तो निर्भय होकर आलोचना करें।' जब गांधी जी राजनीतिक-सामाजिक जीवन में शुचिता की बात करते हैं, तब स्पष्ट ही राम द्वारा की गई यह घोषणा उनके स्मरण में रही होगी, 'निर्मल मन जन सो मोहि पावा। मोहि कपट छल छिद्र न भावा।।' यानी राम को छल कपट नहीं भाता। निर्मल मन से जो पास आता है, राम उसे अपना लेते हैं। गांधी को इसीलिए बुराई से नफरत थी और मनुष्य के भीतर छिपी आध्यात्मिक शक्तियों को जगाने में वह विश्वास रखते थे।

यद्यपि हमारा देश उपनिवेशवादी शक्तियों से स्वतंत्र हो गया, किंतु अनेक चुनौतियां रूप बदलकर हमारे समक्ष विद्यमान हैं। पश्चिमी अपसंस्कृति का प्रसार बढ़ रहा है। आतंकवाद एवं मजहबी उन्माद भी नए-नए रूप धारण कर रहे हैं। एक बड़ी समस्या देश में जातिगत विद्वेष की भी है। स्मरण रहे कि लगभग 500 वर्षों बाद गांधी सहित हम सब के आराध्य प्रभु राम का अपनी अयोध्या में लौटना कोई सामान्य घटना नहीं है। विचारणीय है कि यदि हम स्वतंत्रता की कठिन लड़ाई जीत सकते हैं तो कोई कारण नहीं कि राम के आदर्शों को जीवन में अंगीकार कर गांधी के सपनों के रामराज्य की स्थापना के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित न कर सकें। आज ज्ञान-विज्ञान से युक्त, युवा-ऊर्जा से ओतप्रोत, कुछ कर गुजरने की दृढ़ इच्छाशक्ति से संपन्न हम सभी के समक्ष यह अवसर है कि नवीन राहों का अन्वेषण करते हुए वे अपने पुरखों के सपनों का स्वर्णिम भारत बनाएं एवं समूची धरा को राममय कर दें।

(लेखक पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, बठिंडा के कुलपति हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

## परिवर्तन की शुरुआत

परिवर्तन की शुरुआत सर्वप्रथम स्वयं से होनी चाहिए। अगर आप दूसरे को बदलना चाहते हैं तो सर्वप्रथम खुद को बदलने के लिए तैयार कीजिए। हमें देखना चाहिए कि दुर्गुण कहीं हमारे अंदर ही तो कुंडली मारकर नहीं बैठे हैं। अगर एक व्यक्ति अपने अंदर बदलाव करने के लिए संकल्प ले लेता है तो वहीं से उसके जीवन में नवनिर्माण की शुरुआत हो जाती है। ऐसे व्यक्ति से ईश्वर भी प्रसन्न होते हैं। वह पग-पग पर उसका सहयोग करने लगते हैं, क्योंकि उस व्यक्ति ने ईश्वर की सबसे सुंदर कृति को बेहतर बनाने के लिए स्वयं के अंदर के नकारात्मक विचारों का परित्याग करने का संकल्प लिया है और सृजनात्मक कार्यों को गति देने के लिए ईश्वरीय नियमों-सिद्धांतों और सूत्रों का वरण किया है।

स्वयं को बिना बदले देश-समाज में किसी भी प्रकार के बदलाव की आशा करना निरर्थक है। स्वयं में सकारात्मक परिवर्तन लाना व्यक्तित्व निर्माण, परिवार निर्माण, समाज निर्माण और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला भी है। जिस प्रकार नए मकान का निर्माण करने से पूर्व उसकी मजबूत नींव बनाई जाती है, तभी उस पर ऊंची गगनचुंबी इमारत खड़ी हो पाती है। इसी तरह से महानता की इमारत तैयार करने के लिए भी व्यक्तित्व की ठोस नींव तैयार करनी पड़ती है। महानता और मनुष्यता का निर्माण व्यक्तित्व को गढ़ने से ही संभव है। व्यक्तित्व को गढ़ने के लिए व्यक्ति को अपने अंदर निरंतर बालू, सीमेंट, छड़ और पानी के रूप में श्रद्धा, संकल्प, लगन, जिज्ञासा, योजना और साहस का मन के साथ पूर्णरूपेण तारतम्य बनाएं रखना होता है। वैसे क्षणिक सुख-शांति तो थोड़े परिश्रम के बल पर प्राप्त हो जाती है, पर शाश्वत सुख-शांति और आनंद की प्राप्ति के लिए व्यक्ति को अपने मन में बैठे दुर्गुणों से निरंतर लड़ते हुए उन्हें बाहर निकालकर उनकी जगह सद्गुणों को नियोजित करते रहना पड़ता है।

भगीरथ कुमार

# कम न होने पाए बुजुर्गों का सम्मान

सुनीता मिश्रा

> माता-पिता कठिन परिस्थितियों में भी अपने बच्चों का प्यार से पालन-पोषण करते हैं। बच्चों को भी बुजुर्गों की देखभाल में कोई कमी नहीं छोड़नी चाहिए

बीते दिनों झारखंड हाई कोर्ट ने एक पारिवारिक मामले में अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि बुजुर्ग सास, दादी सास की सेवा करना बहू का कर्तव्य है। यह भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। अदालत ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51-ए में निहित मौलिक कर्तव्यों, यजुर्वेद और मनुस्मृति का भी हवाला दिया। उसने यजुर्वेद का जिक्र करते हुए कहा- हे महिला, तुम चुनौतियों से हारने के लायक नहीं हो, तुम सबसे शक्तिशाली चुनौती को हरा सकती हो। मनुस्मृति का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस परिवार की महिलाएं दुखी होती हैं, वह परिवार जल्द ही नष्ट हो जाता है। जहां महिलाएं संतुष्ट रहती हैं, वह परिवार हमेशा फलता-फूलता है। वहीं अनुच्छेद 51-ए का उल्लेख करते हुए कहा, ''मौलिक कर्तव्यों में हमारी समग्र संस्कृति की समृद्ध विरासत को महत्व देने और संरक्षित करने का प्रविधान है।''

देखा जाए तो हमारा समाज पुरुष और महिलाओं दोनों से कुछ उम्मीदें करता है। विवाह के बाद पुरुष से उम्मीद की जाती है कि वह पैसे कमाकर अपना घर चलाएगा। पत्नी की देखभाल करेगा और उसकी जरूरतों का ख्याल रखेगा। वहीं महिलाओं से उम्मीद की जाती है कि वह पति, बच्चों और ससुरालवालों की अच्छे से देखभाल करेगी। बुढ़ापे में सास-ससुर की सेवा करेगी।

एक परिवार की तरक्की में बुजुर्गों का बड़ा योगदान होता है। वे परिवार की रीढ़ होते हैं। घर में बुजुर्गों के रहने से बच्चों के अलावा अन्य लोगों को भी सहारा रहता है। बुजुर्ग स्वजनों में संस्कार निर्माण में सहायक होते हैं। उनकी सूझबूझ से परिवार पर आने वाली हर मुश्किल दूर होती है। बुजुर्ग हमारे लिए भगवान से कम नहीं होते हैं, जिनके घर में बुजुर्ग होते हैं, वे सबसे खुशनसीब होते हैं। उनके होने से बच्चों को माता-पिता के साथ-साथ दादा-दादी का भी प्यार मिलता है। उनके बिना खुशहाल परिवार की कल्पना नहीं की जा सकती है। यही कारण है कि खुशहाल परिवार के लिए घर में बुजुर्गों का होना बहुत जरूरी माना गया है, क्योंकि वे परिवार को एक सूत्र में बांधकर ले चलते हैं। बुजुर्गों के साथ रहना हमारी संस्कृति रही है। उनसे अलग रहकर कोई भी परिवार तरक्की नहीं कर सकता है। इसलिए हमें बुजुर्गों की सेवा करने का मौका गंवाना नहीं चाहिए। जिस प्रकार माता-पिता कठिन परिस्थितियों में भी अपने बच्चों का बहुत ही प्यार से पालन-पोषण करते हैं। उसी प्रकार युवाओं को भी बुजुर्गों की देखभाल में कोई कमी नहीं छोड़नी चाहिए। युवाओं को बुजुर्गों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने की जरूरत है। अगर वे बुजुर्गों के साथ उचित व्यवहार नहीं करेंगे तो आगे चलकर उनको भी इस दौर से गुजरना पड़ सकता है।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

## मेलबाक्स

### राष्ट्र निर्माण से जुड़ी प्राण प्रतिष्ठा

यह बड़े ही हर्ष का विषय है कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अलौकिक दृश्य के हम सब साक्षी बने। संजय गुप्त के आलेख 'राम से राष्ट्र की ओर' में यह जाहिर होता है कि भारत एक ऐसे युग की ओर अग्रसर है जहां धार्मिक मुद्दों से आगे बढ़कर विकास के मुद्दों पर बात हो रही है। आज की जनता उन घिसे-पिटे धर्म और जाति वाले वादों से परे ज्ञान और सुविधाओं का विकास चाहती है। राम मंदिर बनने से जिनके मन को ठेस लगी है उन्हें इतिहास के पन्नों में झांकने की जरूरत है। उन्हें यह समझना होगा कि भारत का इतिहास उनके सोच से कहीं ज्यादा विशाल और संपन्न है। हमारे पूर्वजों ने सभी धर्मों का सम्मान किया है तो वहीं आवश्यकता पड़ने पर धर्मरक्षा के लिए हथियार भी उठाए हैं। यह जरूरी है कि लोग जागरूक हों और किसी भी बात पर विश्वास करने से पहले उसकी सत्यता को जांच लें। यूपी में 1948 के उपचुनाव में विपक्ष की तरफ से पहली बार राम मंदिर का मुद्दा उठाया गया था। क्या तब धर्म के नाम पर राजनीति नहीं हो रही थी? देखा जाए तो धर्म और राजनीति एक-दूसरे के बिना अधूरे हैं। समाजवादी चिंतक डा. राममनोहर लोहिया ने धर्म और राजनीति को एक ही बताया था। उन्होंने कहा था, 'राजनीति अल्पकालिक धर्म है और धर्म दीर्घकालिक राजनीति।' प्रधानमंत्री मोदी के शब्द की 'राम आग नहीं ऊर्जा हैं' को साकार करने का यही सही समय है। यह ऊर्जा श्रीराम के आदर्शों के रूप में हम सबमें विद्यमान है और इसी के साथ हमें राष्ट्र निर्माण की ओर ध्यान केंद्रित करना होगा। मंदिर श्रीराम के आदर्शों को अपनाते हुए समर्थ, सक्षम और भव्य भारत बनाने की प्रेरणा देता है। जिस दिन देशवासियों के मन में श्रीराम के शुभ विचार समाएंगे तभी राम आएंगे और पुनः स्थापित होगा रामराज्य।

सोनल वर्मा, प्रयागराज

### सिमटते जनाधार को बचाने का उपक्रम

आइएनडीआइए में दिखती दरार के बीच नीतीश कुमार भाजपा के साथ हो लिए। इस पाला बदल खेल को एक कहावत से समझा जा सकता है कि नई बोतल में पुरानी शराब फिर से भरी गई है। हाल में अयोध्या में हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से भाजपा खासकर नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता में हुई गुणात्मक वृद्धि से प्रभावित होकर एवं अपने सिमटते जनाधार को बचाने का उपक्रम करते हुए जदयू ने राजद से किनारा कर लिया। वहीं दूसरी ओर राजद की स्थिति खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे जैसी हो गई है। इससे आइएनडीआइए के खत्म होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

युगल किशोर शर्मा, फरीदाबाद

### जागृत होता भारत का "स्व"

रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा तो केवल प्रारंभ है, आगे का मार्ग जनमानस को ही तय करना है। हजार वर्षों की गुलामी को मन मस्तिष्क से मिटाना दस वर्षों का काम नहीं है। बेशक इन दस वर्षों में भारत का ''स्व'' जागृत होना आरंभ हुआ है। केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा और संघ के ही भरोसे रहकर ''स्व'' से स्वराष्ट्र के परम वैभव की संपूर्ण संकल्पना संभव नहीं है। इसके लिए वह सभी कारकों को पहचानने और उन कंटकों को मार्ग से हटाने का भी प्रण लेने की आवश्यकता है, जो भारत के परम वैभव को नष्ट-भ्रष्ट करने या अवरुद्ध करने का प्रयास करते हैं। हमें श्रीराम, श्रीकृष्ण, सम्राट अशोक, वीर शिवाजी, महाराणा प्रताप, पृथ्वीराज चौहान जैसे वीर योद्धा चाहिए और जयचंदों को दंड देने वाली जनशक्ति चाहिए। समाज में नारी पर कोई आंख भी न उठाए, जाति-धर्म का कोई विद्वेष न हो और समाज के सभी वर्गों को बराबरी देने वाली राजनीतिक व्यवस्था संसद और विधानसभाओं में स्थापित हो। देशद्रोहियों के इस देश को खंडित करने के मंसूबे मिट्टी में मिलाने की आवश्यकता है। रामराज्य की स्थापना कपोल कल्पित धारणाओं से नहीं होगी, इसके लिए फौलादी इरादे चाहिए। राजनीति की दिशा जनमानस को ही मोड़नी है, जिसके लिए हमें मोदी जैसे सैकड़ों नायक चाहिए।

विनोद जौहरी, दिल्ली

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।
अपने पत्र इस पते पर भेजें :
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल: mailbox@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, चेयरमैन एवं प्रबंध संपादक-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी
दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय: 011-43166300, नोएडा कार्यालय: 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**30** करोड़ आयुष्मान कार्डधारकों की संख्या है देश में, जिसमें सर्वाधिक उत्तर प्रदेश (4.83 करोड़) से हैं। मध्य प्रदेश में आयुष्मान कार्डधारकों की संख्या 3.78 करोड़ और महाराष्ट्र में 2.39 करोड़ है।



आजकल

# भारतीय राजनीति में 'एएम' और 'पीएम'



ओमप्रकाश तिवारी
मुंबई ब्यूरो प्रमुख

**बिहार में रविवार को जदयू औपचारिक रूप से राजग में शामिल हो गया है। नीतीश कुमार एक बार फिर भाजपा के सहयोग से मुख्यमंत्री बने हैं। संभवत: जदयू के लोकसभा के संभावित अधिकांश उम्मीदवारों समेत पार्टी के अन्य नेताओं को यह महसूस हो रहा होगा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता का चुनावी लाभ प्राप्त करने के लिए भाजपा का सहयोग आवश्यक है, लिहाजा उन्होंने भाजपा का साथ आवश्यक समझा, वहीं महाराष्ट्र में शिवसेना का उद्धव गुट आज भी यह समझ नहीं पा रहा है**



आगामी चुनावी रणनीति के तहत राजनीतिक लाभ के लिए बिहार में नीतीश कुमार एक बार फिर भाजपा के सहयोग से बने मुख्यमंत्री। फाइल

सामान्य बोलचाल की भाषा में 'एएम' और 'पीएम' शब्दों को आंटे मेरीडियन (पूर्वाह्न) और पोस्ट मेरीडियन (अपराह्न) के रूप में जाना जाता है। कुछ लोग इसे संस्कृत भाषा से जोड़ते हुए 'आरोहणम मार्तंडस्य' एवं 'पतनम मार्तंडस्य' भी कहने लगे हैं। लेकिन भारतीय राजनीति में अब 'एएम' और 'पीएम' का अर्थ- 'मोदी से पूर्व' और 'मोदी के पश्चात' भी कहा जा सकता है। यानी राष्ट्रीय राजनीति में 2014 से पहले और उसके बाद का काल। देखा जा रहा है कि जो राजनेता 'एएम-पीएम' की इस वास्तविकता को समझ पा रहे हैं, वे गलतियां करने से बच जा रहे हैं, या हुई गलतियां सुधार ले रहे हैं। जो नहीं समझ पा रहे हैं, उन्हें राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

उपरोक्त तथ्य के दो बड़े उदाहरण महाराष्ट्र और बिहार में देखे जा सकते हैं। इन दोनों राज्यों में राजग गठबंधन का हिस्सा रहे जदयू और शिवसेना को वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में अच्छी सफलता मिली थी, क्योंकि ये दोनों दल मोदी के उभार के बाद वाली भाजपा से गठबंधन करके लड़े थे। शिवसेना का तो तब तक भाजपा के साथ सबसे पुराना गठबंधन था ही। उधर जदयू को भी 2019 के चुनाव में भाजपा से गठबंधन करके लड़ने पर 16 सीटें हासिल हुईं, जबकि 2014 में वह अकेले लड़कर महज दो सीटों पर ही अटक गई थी। जबकि भाजपा ने उस समय 22 सीटें (पूरे गठबंधन को 31) प्राप्त की थीं। यह भाजपा की उदारता ही थी कि उसने 2019 में गठबंधन करते समय केवल दो सीटों वाली जदयू को 17 सीटों पर लड़ने का अवसर देकर स्वयं अपनी सीटें कम कर लीं। इस कारण उसे 2019 में 17 सीटें ही हासिल हुईं। भाजपा ने यही उदारता जदयू के साथ विधानसभा चुनाव में भी दिखाई और कम सीटें पानेवाली जदयू को मुख्यमंत्री पद सौंप दिया। लेकिन जदयू ने उसकी उदारता की बेकद्री करते हुए दूसरा साझीदार तलाश लिया था। लेकिन डेढ़ वर्ष में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस गलती का अहसास हुआ, और उनकी घरवापसी भी हो गई।

**महाराष्ट्र में शिवसेना की गलती** : यही गलती महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे ने भी की। वर्ष 2004 में 12 और 2009 में 11 सीटें ही जीत पानेवाली शिवसेना को 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में 18-18 सीटें मिलीं। वर्ष 2014 में पहली बार 18 सीटें जीतते ही शिवसेना अतिआत्मविश्वास में इसे अपने दम पर मिली सफलता मानने लगी। जबकि इस अप्रत्याशित सफलता में बड़ा योगदान उस समय की 'मोदी लहर' का था। लेकिन शिवसेना ऐसा मानने को तैयार नहीं थी। लोकसभा चुनाव के छह माह बाद ही विधानसभा के भी चुनाव होने थे। उससे पहले के विधानसभा चुनावों में राज्य की 288 विधानसभा सीटों में से शिवसेना 171 और भाजपा 117 पर चुनाव लड़ती आई थी। जबकि शिवसेना की लड़ी जानेवाली सीटों में 50 सीटें ऐसी थीं, जिन पर वह कभी चुनाव नहीं जीत सकी थी। भाजपा का आग्रह था कि इनमें से ही कुछ सीटें उसे देकर इस बार बराबर-बराबर सीटों पर चुनाव लड़ा जाए। भाजपा का मानना था कि बराबरी की सीटों पर लड़कर मोदी लहर का लाभ लेते हुए अधिक सीटें जीती जा सकती हैं। लेकिन शिवसेना को डर था कि ऐसा होने पर यदि भाजपा की सीटें अधिक आईं, तो सीएम पद पर दावा भाजपा कर सकती है। इसलिए शिवसेना उसके लिए तैयार नहीं हुई और भाजपा के साथ उसका 25 साल पुराना गठबंधन टूट गया। इसके बाद ढाई दशक में भाजपा पहली बार उन सीटों पर भी चुनाव लड़ी, जहां शिवसेना ने उसे कभी स्थानीय निकाय का चुनाव भी नहीं लड़ने दिया था।

चुनाव परिणाम आने पर भाजपा को 122 सीटें मिलीं और शिवसेना 63 सीटों पर ही सिमट गई। अर्थात अपनी-अपनी ताकत पर चुनाव लड़ने के बाद आए परिणामों ने शिवसेना की वास्तविक ताकत को दर्शा दिया। जो शिवसेना दावा करती आई थी (अभी भी करती है) कि भाजपा उसके कंधों पर सवार होकर केंद्र की सत्ता तक पहुंची, महाराष्ट्र में ही वह भाजपा से आधे पर सिमटकर रह गई। लेकिन भाजपा ने चुनाव के एक माह बाद ही शिवसेना से अपने 25 वर्ष पुराने संबंधों का मान रखते हुए उसे सरकार में शामिल होने का न्यौता दे दिया, और शिवसेना राजी भी हो गई। परंतु शिवसेना सरकार में छोटे भाई की भूमिका को हजम नहीं कर पा रही थी। कई बार प्रदेश नेतृत्व द्वारा उसे समझाने की कोशिशें की गईं, चेतावनियां दी गईं। लेकिन उसका व्यवहार नहीं बदला।

वर्ष 2019 में चुनाव से ठीक पहले शिवसेना चाहती थी कि लोकसभा और विधानसभा, दोनों चुनावों की शर्तें एक साथ तय हो जाएं। भाजपा ने उसी समय स्पष्ट कर दिया था कि मुख्यमंत्री पद पर वह कोई समझौता नहीं करेगी। शिवसेना इस पर मान भी गई। पहले लोकसभा, फिर विधानसभा के चुनाव साथ लड़े गए। दोनों चुनावों पर मोदी लहर का असर था। लोकसभा में भाजपा-शिवसेना ने अपना पुराना प्रदर्शन दोहराया। छह माह बाद हुए विधानसभा चुनाव भी दोनों दल मिलकर सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में लड़े। भाजपा 164 सीटों पर लड़कर 105 सीटें जीती और शिवसेना 124 सीटों पर लड़कर 56 सीटें जीती। लेकिन चुनाव परिणाम आते ही शिवसेना ने भाजपा का साथ छोड़कर कांग्रेस और राकांपा के साथ मिलकर महाविकास आघाड़ी बना ली और उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बन गए। लेकिन कांग्रेस-राकांपा के साथ ऊपरी स्तर पर हुआ यह समझौता शिवसेना के ज्यादातर सांसदों और विधायकों को भी हजम नहीं हुआ। क्योंकि वे भाजपा कार्यकर्ताओं के सहयोग से ही जीतकर आए थे। उन्हें भाजपा के परंपरागत मतदाताओं ने भी वोट दिए थे। साथ ही, यह भी अकाट्य सत्य था कि 2019 में भी उन्हें 'मोदी लहर' का लाभ मिला था। वह जानते थे कि अगले चुनाव में यदि वह कांग्रेस और राकांपा से गठबंधन करके चुनाव मैदान में उतरे, तो उन्हें अपने कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को जवाब देना पड़ेगा।

वहीं भाजपा से मिले उसके लाभ को देखें तो उस समय अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी नहीं हुई थी। न ही राम लहर जैसी कोई चीज दिख रही थी। बता दें कि 2019 का लोकसभा चुनाव होने तक न तो अयोध्या के राम मंदिर पर सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय आया था, न कश्मीर में अनुच्छेद 370 खत्म करने की घोषणा हुई थी, न ही कोविड के दौरान शुरू हुई 85 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज वितरण की योजना शुरू हुई थी, और न देश में एक बहुत बड़ा लाभार्थी वर्ग तैयार हो सका था। संभवत: यही कारण है कि चुनाव के दौरान इन सांसदों ने महसूस किया था कि उन्हें मिलने वाले मतों में एक बड़ा हिस्सा प्रधानमंत्री मोदी की उस छवि का है, जिस कारण लोग उन्हें दोबारा प्रधानमंत्री बनाने के लिए हमें वोट दे रहे हैं। मतदाताओं का यह दबाव ही उन्हें उद्धव से छिटककर मोदी की ओर जाने को मजबूर कर रहा था।

निश्चित रूप से बिहार में भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़नेवाले जदयू के सांसद और विधायक भी इसी प्रकार का दबाव अपने मतदाताओं की ओर से महसूस करते रहे होंगे। नीतीश की घरवापसी में अन्य कारणों के अलावा यह दबाव भी एक बड़ा कारण रहा होगा, जिसे नीतीश कुमार ने तो समय रहते महसूस कर लिया, परंतु उद्धव ठाकरे महसूस नहीं कर पा रहे हैं। वह आज भी 2014 से पहले की ही भाजपा को देख पा रहे हैं। जबकि 2014 में राष्ट्रीय राजनीति में नरेन्द्र मोदी के उदय से पहले की भाजपा और उसके बाद धीरे-धीरे खड़ी हो रही मोदी-शाह की भाजपा में जमीन-आसमान का अंतर आ चुका है। कुछ भी हो, नीतीश कुमार एक परिपक्व राजनीतिज्ञ हैं। वह अपने निर्णय स्वयं लेने में सक्षम हैं। वहीं उद्धव ठाकरे अपने निर्णयों के लिए अपने सिपहसालारों पर निर्भर हैं। उनका दुर्भाग्य है कि उनके सिपहसालार उन्हें देश में हो रहे बदलावों की वास्तविकता से दूर रखने में ही अपनी भलाई समझ रहे हैं।

## राजनीतिक पाला बदल के निहितार्थ

**लोकमित्र**

बिहार की राजनीति में दो मजबूत धड़े हैं- एक भाजपा और दूसरा राजद। ये दोनों लगभग बराबर के हैं। जदयू इनमें से जिसकी ओर चला जाता है, उसका पलड़ा भारी हो जाता है। इस स्थिति का नीतीश कुमार ने भरपूर लाभ लिया है। विधानसभा में बहुत कम सीटें होने के बावजूद वह निरंतर सीएम बनने में सफल रहे हैं। इस कामयाबी के बावजूद विधानसभा में जदयू की सीटों में कमी ही आई है, जबकि कभी वह भाजपा के साथ गठबंधन में होते हुए भी राज्य में सीनियर पार्टनर थी, आज जूनियर पार्टनर है, लेकिन बिहार की 'संतुलन की राजनीति' के कारण नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने हुए हैं। जदयू के विधायकों की संख्या में निरंतर कमी आने का अर्थ यह है कि नीतीश कुमार का बार बार पलटी मारना बिहार की जनता को पसंद नहीं आया है। इसलिए 2024 का लोकसभा चुनाव नीतीश कुमार की अवसरवादी राजनीति का लिटमस टेस्ट होगा जो उनके राजनीतिक भविष्य को भी तय करेगा।

वैसे इस बार ऐसा महसूस होता है कि भाजपा ने अपनी शर्तों पर नीतीश कुमार से समझौता किया है, जिससे नीतीश की राजनीतिक स्थिति कमजोर ही हुई है। कहा जाता है कि नवंबर 2020 में विधानसभा के पश्चात नई सरकार बनने पर नीतीश कुमार इस बात को लेकर खुश नहीं थे कि भाजपा ने तारकेश्वर प्रसाद व रेनू देवी को उप मुख्यमंत्री बनाया था। वह सुशील मोदी को पसंद करते थे, जो उनके साथ तीन बार उप मुख्यमंत्री रह चुके थे। भाजपा ने इस बार भी नीतीश कुमार की पसंद की परवाह नहीं की है। उसने विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी को उप मुख्यमंत्री बनाया है, जो हमेशा ही नीतीश कुमार की नाक में दम करते रहे हैं। वर्ष 2022 में नीतीश कुमार के महागठबंधन के साथ जाने की एक वजह यह भी बताई जाती है कि कि विधानसभा अध्यक्ष रहते हुए सिन्हा ने उनके कामकाज में काफी दखलंदाजी की थी। सिन्हा व चौधरी की नियुक्ति इस तथ्य का संकेत है कि इस बार भाजपा अधिक संख्या के बावजूद दब्बू व दोयम दर्जे का साझेदार बनकर नहीं रहेगी। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

खरी-खरी

## बड़े लोगों की बड़ी बातें

**रेखा शाह आरबी**

कुछ लोग बहुत बड़े होते हैं। इतने बड़े कि हर छोटी बात में उनका बड़प्पन खतरे में आ जाता है। उन्हें अपने बड़प्पन को सुरक्षित रखने के लिए हर वक्त अपने बड़प्पन को जेड श्रेणी की सुरक्षा घेरे में रखना पड़ता है। जरा सी ऊंच-नीच क्या हो जाए, उन्हें अपना बड़प्पन खतरे में होने की घंटी सुनाई देने लगती है। जहां पद और कद में छोटे लोग नजर आते हैं, उनके सिस्टम का अलार्म अपने आप एक्टिव हो जाता है। वह उन्हें बताने लगता है कि यहां पर पद और कद में छोटे लोग हैं। थोड़ा बचकर ही रहना, यहां पर खतरा है। उनके बड़प्पन को सबसे ज्यादा खतरा महसूस होता है छोटे-मोटे लोगों के साथ बैठने उठने पर। वह इतने बड़े होते हैं कि सारी सुविधाओं पर सबसे पहले अपना ही हक समझते हैं। भले ही चाहे वह किसी और के हिस्से की हो, लेकिन वह सबसे पहले स्वयं को रखते हैं। छोटे लोगों की मदद करने से तो उनका बड़प्पन डांवाडोल ही हो जाता है। ऐसे लोग हर जगह पाए जाते हैं।

ऐसे लोगों का एक स्वाभाविक गुण है, इन्हें अपने हाथ में पड़ा हुआ रसगुल्ला ज्यादा खुशी नहीं देता है, बल्कि छोटे लोगों के हाथ का लड्डू इन्हें नागवार गुजरता है। ये लोग उसे भी छीन कर खा लेते हैं। या किसी अपने ऐसे प्रिय को खिला देते हैं, जिससे उनके हजार काम निकल सकें। ये बड़े-बड़े लोग अन्य लोगों से काम करवाना तो अपना अधिकार समझते हैं, लेकिन कभी इनसे किसी काम के लिए कह दीजिए तो इसे अपना अपमान समझते हैं।


ऐसे ही एक पकौड़ी लाल के इंटरनेट मीडिया के एक मित्र हैं। एक दिन एक काम लेकर पकौड़ी जी के पास आ गए। साहित्य के क्षेत्र में बड़े उनके नाम के झंडे गड़े हैं, ऐसा वह स्वयं बताते हैं। वरना उससे पहले वह साहित्य के कौन से तोप हैं पकौड़ी जी को नहीं पता था। पकौड़ी जी ने उनका काम बिना हीलाहवाली के कर दिया। अभी कुछ दिन पहले उनसे एक काम पकौड़ी जी का निकल आया तो पता चला कि वह बहुत ही व्यस्त हैं। तब जाकर पकौड़ी लाल को व्यस्तता की असली परिभाषा समझ में आई। अब पकौड़ी लाल भी सीख गए हैं कि व्यस्तता असल में व्यस्त रहने में नहीं होती है।

X पोस्ट

रामविलास पासवान बदलते मौसम को भांप लेते थे। वहीं नीतीश कुमार तो मौसम ही बदल देते हैं।
कमलेश सिंह@kamleshksingh

नीतीश के राजग में आने के बाद आम चुनाव के लिए शायद ही कोई मुकाबला बचा है। मेरे लिए बस इतनी दिलचस्पी रह गई है कि भाजपा एवं राजग 2019 की अपनी सीटों में और कितनी बढ़ोतरी करेंगे और क्या कांग्रेस उतनी सीटें भी जीत पाएगी, जितनी उसे 2014 में मिली थीं।
संजय कुमार@sanjaycsds


तनावमुक्त और सहज मन एक विचलित मन से उत्कृष्ट कार्य कर सकता है। इसलिए, माता-पिता को परीक्षा को भी एक 'पर्व' की तरह मनाना चाहिए और छात्रों पर दबाव डालने के बजाय उन्हें केंद्रित होने के लिए प्रेरित करना चाहिए और उनमें आत्मविश्वास भरना चाहिए।
श्रीश्री रविशंकर@SriSri



इंग्लैंड के खिलाफ हार के बाद दूसरी पारी में भारतीय स्पिनरों की नाकामी पर वाजिब सवाल उठ रहे हैं, लेकिन हमें यह सवाल भी करना होगा कि क्या शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर इस स्तर पर खेलने के योग्य हैं भी या नहीं?
शेखर गुप्ता@ShekharGupta

जागरण जनमत — कल का परिणाम

**आपको लगता है कि इंग्लैंड की टेस्ट टीम की क्षमता आंकने में भारत ने बड़ी भूल की?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में।

**आज का सवाल**
क्या दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में सरफराज खान का चयन उचित है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है।

जनपथ

बैटर थे वह ओपनर किंतु हो गए कैच,
सकते में हैं टीम अब कैसे खेले मैच।
कैसे खेले मैच गई अब पलट कहानी,
राहुल जी के हाथ संभलती ना कप्तानी।
दिखना चाहें आप सदा मोदी से बेटर,
किंतु न पाएं ढूंढ़ कायदे का इक बैटर।
– ओमप्रकाश तिवारी

# ममता की शर्तों के जाल में उलझी कांग्रेस



जयकृष्ण वाजपेयी
राज्य ब्यूरो प्रमुख, बंगाल


बंगाल डायरी

बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी के अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा के एक दिन बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उनसे बात की। इसके बाद पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि सीट बंटवारे से जुड़े गतिरोध पर तृणमूल के साथ मिलकर बीच का रास्ता निकाल लिया जाएगा। आइएनडीआइए में ममता की महत्वपूर्ण भूमिका है। हालांकि इसके अगले ही दिन ममता की ओर साफ कर दिया गया कि उनकी कांग्रेस अध्यक्ष से कोई बात नहीं हुई है। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व गठबंधन को लेकर भले नरम रुख अपनाने की बातें कहे, लेकिन तृणमूल सुप्रीमो फिलहाल तैयार नहीं हैं। कहा जा रहा है कि तृणमूल की ओर से कांग्रेस हाईकमान के समक्ष तीन शर्तें रखी गई थीं। ये शर्तें ऐसी हैं कि कांग्रेस उनमें पूरी तरह उलझ गई है।

तृणमूल नेतृत्व ने कांग्रेस हाईकमान के समक्ष तीन शर्तें रखी हैं, जिनमें पहली है, बंगाल में कांग्रेस को अधिकतम तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ना होगा। इसके बदले असम और मेघालय में तृणमूल को तीन सीटें देनी होंगी। दूसरी, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पद से अधीर रंजन चौधरी को हटाना होगा, क्योंकि वे ममता पर हमलावर रहते हैं। अभी पिछले गुरुवार को ही तृणमूल के राज्यसभा में संसदीय दल के नेता डेरेक ओ'ब्रायन ने कहा था कि आइएनडीआइए के बंगाल में आकार नहीं लेने के कारण अधीर हैं। वहीं, तीसरी शर्त है कि कांग्रेस को बंगाल में माकपा का साथ छोड़ना होगा। ये ऐसी शर्तें हैं, जिन्हें कांग्रेस के लिए पूरा करना मुश्किल होगा। अगर कांग्रेस बंगाल में माकपा के साथ मिलकर चुनाव नहीं लड़ती है तो केरल, त्रिपुरा और बिहार में उसे नुकसान हो सकता है। ममता शुरू से ही बंगाल में आइएनडीआइए में वामपंथी, विशेषकर माकपा को साथ रखने को राजी नहीं हैं। ममता ने कांग्रेस को इस बारे में दो बार आगाह किया था। पहले स्वयं ममता के भतीजे व तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने राहुल गांधी से मिलकर माकपा को बाहर करने की मांग की थी, फिर सोनिया गांधी से मुलाकात में ममता ने इसे दोहराया था। वहीं माकपा के राष्ट्रीय महासचिव सीताराम येचुरी से लेकर बंगाल के माकपा नेतृत्व भी तृणमूल के साथ गठबंधन को खारिज करते आ रहे हैं।



ममता बनर्जी। फाइल



मल्लिकार्जुन खरगे। फाइल

इस बीच जब ममता ने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा की तो माकपा ममता पर और आक्रामक हो गई। बंगाल माकपा के सचिव मोहम्मद सलीम ने नीतीश कुमार के एक पुराने बयान का जिक्र करते हुए ममता बनर्जी की 'बिन पेंदी के लोटे' से तुलना कर दी और दावा किया कि भाजपा और संघ के इशारे पर तृणमूल बनी, ताकि कांग्रेस को तोड़कर ममता बनर्जी राजग में जा सकें। सलीम के इस बयान में कुछ आश्चर्यजनक भी नहीं है, न ही उनके रुख में किसी तरह का बदलाव नजर आ रहा है। माकपा नेता आइएनडीआइए की बैठकों में कहते आए हैं कि बंगाल में तृणमूल से गठबंधन नहीं होगा। ममता ने भी पिछले दिनों यह आरोप लगाया था कि वामपंथी नेता गठबंधन को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं। माकपा का अड़ियल रुख और ममता की क्लियर लाइन से बंगाल की सियासत में कांग्रेस ऐसे दोराहे पर खड़ी हो गई है, जहां से एक रास्ता माकपा के साथ जाता है, जिस रास्ते पर वह पहले से ही है और दूसरा रास्ता ममता की पार्टी के साथ जाता है। माकपा और तृणमूल का साथ आना मुश्किल है और ऐसे में कांग्रेस इस सवाल में उलझ गई है कि माकपा को चुने या ममता की शर्तें मान उनके साथ चले। कांग्रेस को माकपा की कीमत पर ममता का साथ चुनना होगा या ममता की कीमत पर माकपा को। सवाल है कि कांग्रेस के लिए आखिर कहां लाभ है?

तृणमूल के साथ बंगाल की सत्ताधारी पार्टी होने का माइलेज है ही, पार्टी का सांगठनिक ढांचा भी मजबूत है। सभी चुनाव अकेले लड़ते हुए तृणमूल का प्रदर्शन भी उसकी मजबूती दर्शाता है। कहा तो यह भी जा रहा है कि कांग्रेस अगर बंगाल में सियासी जमीन बचाना चाहती है तो तृणमूल के साथ जाना उसके लिए फायदे का सौदा हो सकता है। दूसरी तरफ माकपा के साथ जाने से बंगाल में भले उसे अधिक फायदा न हो, लेकिन मुस्लिम बहुल इलाके सागरदीघी में माकपा-कांग्रेस गठबंधन ने तृणमूल को हरा दिया था। वैसे ममता के लिए भी कांग्रेस को साथ रखना मजबूरी है क्योंकि उन्हें मुस्लिम वोट बंटने का डर सता रहा है। भाजपा के लिए दोनों ही परिस्थितियों में अनुकूल स्थिति है। अगर गठबंधन हुआ तो ममता विरोधी वोट एकजुट होकर भाजपा को मिलेगा और अगर नहीं हुआ तो मुस्लिम वोट का बंटना तय है क्योंकि माकपा-कांग्रेस के साथ-साथ फुरफुरा शरीफ के पीरजादा अब्बास सिद्दीकी की पार्टी इंडियन सेक्युलर फ्रंट भी इस गठबंधन में होगी। शनिवार को तृणमूल प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि ममता ने कांग्रेस की 'अनुचित मांगों' के कारण बंगाल में लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने की बात कही है। उन्होंने कभी नहीं कहा कि तृणमूल विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए का हिस्सा नहीं है।

बजट

# सबकी चिंता, सबका ध्यान

**बजट में बहुसंख्यक जनसंख्या की चुनौतियों के समाधान की राह आसान की जानी चाहिए**



डा. विकास सिंह
मैनेजमेंट गुरु तथा वित्तीय एवं समग्र विकास के विशेषज्ञ

वैश्विक आर्थिक प्रमुखता की दिशा में भारत की यात्रा में बजट एक महत्वपूर्ण उपकरण है जो एक रोडमैप के रूप में कार्य करता है। साथ ही यह खर्च, राजस्व सृजन तथा देश के विकास पथ की योजनाओं को चित्रित करता है। यह सभी क्षेत्रों में रणनीतिक रूप से संसाधनों का आवंटन करके विकास को प्रोत्साहित करने, रोजगार सृजन और गरीबी को कम करने की क्षमता रखता है। बुनियादी ढांचे के निवेश के माध्यम से आर्थिक विकास को बढ़ावा देते हुए स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा के लिए पर्याप्त धन का प्रविधान करना एवं प्राथमिकताओं को संतुलित करना अनिवार्य है। एक स्थिर व पूर्वानुमानित बजट निवेशकों का विश्वास बढ़ाता है और रोजगार सृजन एवं आर्थिक विस्तार को बढ़ावा देता है। इसके अलावा बजट हमारी अनेक चुनौतियों का समाधान कर सकता है। लिहाजा बजट से आमजन की व्यापक अपेक्षाएं रहती हैं।

**कृषि क्षेत्र का उद्धार** : कृषि क्षेत्र पर निरंतर ध्यान देना होगा। बजट को कम आय, बाजार में अस्थिरता और अपर्याप्त बुनियादी ढांचे जैसी चुनौतियों का निरंतर सामना करना होगा। प्राथमिकता वाले उपायों में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को उत्पादन लागत से कम से कम 50 प्रतिशत ज्यादा निर्धारित करना, बाजार में उतार-चढ़ाव के लिए एक महत्वपूर्ण कवच बनाना शामिल है। मासिक प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के लिए पीएम-किसान जैसी योजनाओं का विस्तार करने से मौसमी आय अंतर पर ध्यान दिया जा सकेगा और किसानों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाया जा सकेगा। सिंचाई परियोजना, कोल्ड स्टोरेज सुविधा और ग्रामीण सड़कों सहित कृषि बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाना, रसद को सुव्यवस्थित करना, बर्बादी को कम करना और किसानों की विपणन क्षमता को बढ़ाना आवश्यक है।

**समावेशी विकास** : गरीबी आज भी देश की एक कड़वी सच्चाई बनी हुई है। लिहाजा बजट को एक ऐसा मजबूत सुरक्षा तंत्र बनाने की जरूरत है, जो हाशिये पर पड़े लोगों को सशक्त बनाए और उन्नति के लिए मार्ग तैयार करे। गरीबी की वास्तविकता का सामना करने के लिए कमजोर लोगों के लिए एक लचीला सुरक्षा तंत्र तैयार करना आवश्यक है। महिलाओं और बच्चों पर लक्षित फोकस के साथ विशिष्ट जिलों में यूनिवर्सल बेसिक इनकम (यूबीआइ) योजनाओं को संचालित करने से, आर्थिक नुकसान से सम्मानजनक सुरक्षा की संभावना स्पष्ट हो जाती है। बढ़े हुए बजटीय आवंटन के माध्यम से मनरेगा और राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम जैसे सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों को सुदृढ़ करने से ग्रामीण और शहरी दोनों आबादी के लिए सुरक्षा जाल मजबूत होगा।

**विकास को गति** : मजबूत बुनियादी ढांचा एक संपन्न अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। बजट में रोजगार सृजन, आर्थिक क्षमता को खोलने और संपर्क बढ़ाने के लिए पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता देनी चाहिए। विकास को बढ़ावा देने के लिए, बजट पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता देता है, जिसका लक्ष्य रोजगार पैदा करना, आर्थिक क्षमता को अनलाक करना और कनेक्टिविटी को बढ़ाना है।

**स्वास्थ्य सेवा** : स्वास्थ्य सेवा हमारे देश के लिए एक प्रमुख चिंता का विषय है। बजट में इसे सभी के लिए सुलभ व किफायती बनाने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। पूरी आबादी को कवर करने के लिए आयुष्मान भारत योजना का विस्तार करने जैसी पहल आय स्तर की परवाह किए बिना गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणाली को मजबूत करने के लिए, उन्नत उपकरण और जनशक्ति के साथ-साथ ग्रामीण व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए बजटीय आवंटन में वृद्धि आवश्यक है।



जनता के लिए सुनिश्चित होनी चाहिए सुगम स्वास्थ्य सुविधाएं। फाइल

**कर व्यवस्था** : ऊंची आयकर दरें अक्सर आर्थिक गतिविधियों को हतोत्साहित करने वाली लगती हैं। बजट में कर ढांचे को सुव्यवस्थित करते हुए कुछ राहत दी जानी चाहिए। वेतनभोगी व्यक्तियों पर कर का बोझ कम किए जाने के उपाय तलाशने होंगे। इसी तरह से आर्थिक विकास के लिए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) ढांचे को सुव्यवस्थित करना आवश्यक है। कई स्लैब वाली वर्तमान जटिल संरचना अनुपालन और प्रशासनिक लागत के मामले में व्यवसायों, विशेष रूप से एसएमई के लिए चुनौतियां पैदा करती है। जीएसटी प्रणाली को सरल बनाने, स्लैब को कम करने और इस संबंध में स्पष्ट प्रविधान किए जाने से यह बोझ कम होगा एवं आर्थिक गतिविधियों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार होगा। महामारी के बाद के सुधार चरण में, एक अच्छी तरह से संरचित जीएसटी प्रणाली आर्थिक पुनरुद्धार, निवेश को बढ़ावा देने, रोजगार पैदा करने और सतत विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाने के लिए प्रेरक बन जाती है। इसलिए बजट में जीएसटी को तर्कसंगत बनाने के लिए एक केंद्रित और रणनीतिक दृष्टिकोण भारत के आर्थिक पुनरुत्थान के लिए महत्वपूर्ण है।

*********

### तीसरी तिमाही में वोडाफोन को 6,986 करोड़ का घाटा

**नई दिल्ली :** दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 6,986 करोड़ रुपये का घाटा रहा है। पिछले वर्ष की समान अवधि के 7,990 करोड़ रुपये के मुकाबले इसमें कमी रही है। बीती तिमाही में कंपनी का संचालन राजस्व 10,673.1 करोड़ रुपये पर स्थिर रहा है। अक्टूबर-दिसंबर 2023 के दौरान औसत राजस्व प्रति ग्राहक (एआरपीयू) बढ़कर 145 रुपये रहा है। वार्षिक आधार पर इसमें 7.4 प्रतिशत की वृद्धि रही है। (प्रेट्र)

स्वास्थ्य बीमा उत्पादों का दायरा बढ़ाने के लिए सरकार को आगामी बजट में इन पर जीएसटी में कमी लानी चाहिए। साथ ही इन्हें खरीदने के लिए लोगों को प्रोत्साहन भी दिया जाए।
— कृष्णन रामचंद्रन, सीईओ, नीवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस



| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 71,941.57 | ▲ 1,240.90 |
| निफ्टी | 21,737.60 | ▲ 385 |
| सोना प्रति दस ग्राम | ₹63,100 | ▲ ₹200 |
| चांदी प्रति किलोग्राम | ₹76,400 | ▲ ₹200 |
| डालर | ₹83.16 | ▲ ₹0.05 |
| क्रूड (ब्रेंट) प्रति बैरल | $83.40 | |

## एक नजर में

### तीसरी तिमाही में बीपीसीएल का शुद्ध लाभ 82% बढ़ा

**नई दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल वितरण कंपनी भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 3,181.42 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है। अक्टूबर-दिसंबर 2022 के 1,747.01 करोड़ रुपये के मुकाबले इसमें 82 प्रतिशत की वृद्धि रही है। उधर, सरकारी गैस कंपनी गेल का शुद्ध लाभ अक्टूबर-दिसंबर 2023 तिमाही में 10 गुना बढ़कर 2,842.62 करोड़ रुपये रहा है। (प्रेट्र)

### 2023 में आइफोन की बिक्री 28 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली :** प्रीमियम स्मार्टफोन की बढ़ती मांग के चलते 2023 के दौरान भारत में आइफोन की बिक्री में 28 प्रतिशत की वृद्धि रही है। इस तेजी की बदौलत आइफोन की बाजार हिस्सेदारी भी 2022 की चार प्रतिशत से बढ़कर पिछले वर्ष छह प्रतिशत से ज्यादा रही है। सीएमआर के अनुसार, 2023 की चौथी तिमाही में आइफोन की थोक बिक्री में सात प्रतिशत की वृद्धि रही है। (आइएएनएस)

### फरवरी में भारत दौरे पर आएंगे सत्या नडेला

**नई दिल्ली :** माइक्रोसाफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्या नडेला अपनी वार्षिक यात्रा के लिए सात और आठ फरवरी को भारत में रहेंगे। इस दौरान वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) स्टार्टअप्स के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर एआइ में नए अवसरों पर चर्चा करेंगे। कंपनी ने बताया कि सत्या नडेला डेवलपर्स और टेक्नीशियन को भी संबोधित करेंगे। (आइएएनएस)

### नवंबर में रिलायंस जियो से 34.5 लाख सब्सक्राइबर जुड़े

**नई दिल्ली :** दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो से नवंबर 2023 में 34.5 लाख नए सब्सक्राइबर जुड़े हैं। इसके साथ जियो के कुल सब्सक्राइबर्स की संख्या बढ़कर 45.58 करोड़ हो गई है। इसी तरह, समान अवधि में भारती एयरटेल के सब्सक्राइबर की संख्या 17.5 लाख बढ़कर 37.98 करोड़ हो गई है। हालांकि, इस दौरान वोडाफोन आइडिया के सब्सक्राइबर की संख्या 10.7 लाख घटकर 22.44 करोड़ पर आ गई। (प्रेट्र)

# अगले वित्त वर्ष भी सात प्रतिशत रह सकती है विकास दर

## अंतरिम बजट से ठीक तीन दिन पहले वित्त मंत्रालय ने जारी की भारतीय अर्थव्यवस्था की तस्वीर दिखाती विस्तृत रिपोर्ट

राजीव कुमार • नई दिल्ली



**1.9** ट्रिलियन डालर थी दस साल पहले भारत की अर्थव्यवस्था

**3.7** ट्रिलियन डालर के साथ अभी पांचवीं बड़ी इकोनमी है भारत

कोरोना महामारी और उसके ठीक बाद भू-राजनीतिक उथल-पुथल से जहां दुनिया की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाएं दो प्रतिशत की विकास दर हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही हैं वहीं भारतीय आर्थिकी आगामी वित्त वर्ष 2024-25 में भी सात प्रतिशत की विकास दर हासिल कर सकती है। इतना ही नहीं, अगले तीन साल में भारतीय अर्थव्यवस्था पांच ट्रिलियन डालर की हो जाएगी और भारत आर्थिक आकार के लिहाज से अमेरिका और चीन के बाद तीसरा सबसे बड़ा देश बन जाएगा। वर्ष 2030 तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार सात ट्रिलियन डालर हो जाएगा।

आगामी वित्त वर्ष के लिए एक फरवरी को पेश होने वाले अंतरिम बजट से ठीक तीन दिन पहले वित्त मंत्रालय की तरफ से भारतीय अर्थव्यवस्था पर जारी विस्तृत रिपोर्ट में इन बातों की जानकारी दी गई है। अंतरिम बजट की वजह से अभी आर्थिक सर्वेक्षण नहीं आएगा। आर्थिक सर्वेक्षण जुलाई में पेश होने वाले पूर्ण बजट से पहले पेश किया जाएगा।

वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार ने 7.3 प्रतिशत विकास दर का अनुमान लगाया है। अगर अगले वित्त वर्ष यानी 2024-25 में भी विकास दर अनुमान के मुताबिक सात प्रतिशत रहती है तो कोरोना काल के बाद लगातार चौथे साल सात प्रतिशत की विकास दर हासिल करने वाला एकमात्र देश भारत होगा। अच्छी बात यह है कि चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-दिसंबर में खुदरा महंगाई 5.5 प्रतिशत रही और आने वाले महीनों में इसमें कमी का अनुमान है।

**मंत्रालय ने कहा- अगले तीन साल में पांच ट्रिलियन डालर के साथ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा भारत**

### अर्थव्यवस्था के सामने चुनौतियां भी कम नहीं

- वैश्विक स्तर पर व्यापार घट रहा है और मैन्यूफैक्चरिंग में वैश्विक निवेश संकुचित हो रहा है।
- लाल सागर का व्यवधान लंबा चला तो हमारा निर्यात प्रभावित होगा।
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) सर्विस सेक्टर के लिए बड़ी चुनौती है।
- ऊर्जा के परंपरागत माध्यम को छोड़ नए माध्यम को अपनाना भी एक कठिन काम है।

### रिपोर्ट की खास बातें

- दिसंबर 2019 में घरों (हाउसहोल्ड) की शुद्ध वित्तीय संपदा जीडीपी के 52.8 प्रतिशत के बराबर थी, जो दिसंबर, 2023 में जीडीपी के 65.5 प्रतिशत के बराबर हो गई।
- जनधन योजना के तहत 51 करोड़ खाते हैं जिनमें 2.1 लाख करोड़ राशि जमा है। खाताधारकों में 55 प्रतिशत महिलाएं हैं।
- वर्ष 2014 में चालू खाते का घाटा जीडीपी के दो प्रतिशत के पास पहुंच गया था और महंगाई दहाई अंक में थी, अभी चालू खाते का घाटा जीडीपी के एक प्रतिशत से थोड़ा अधिक है।

### सरकार की आर्थिक नीतियों ने हमारी बुनियाद को मजबूत किया

रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 10 सालों में सरकार की आर्थिक नीतियों ने हमारी बुनियाद को मजबूत बना दिया है। कृषि से लेकर मैन्यूफैक्चरिंग और डिजिटल सेवा की बदौलत सर्विस सेक्टर में मजबूती आई है। इन्फ्रास्ट्रक्चर पर होने वाले खर्च में लगातार बढ़ोतरी से देश में बंदरगाह से लेकर एयरपोर्ट और सड़क से लेकर बिजली व्यवस्था चुस्त हुई। इससे कारोबार की लागत कम हो रही है और विदेशी व घरेलू दोनों ही निवेश में बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2015 से लेकर वित्त वर्ष 2024 के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के पूंजीगत व्यय में 3.3 गुना बढ़ोतरी हुई। पिछले कई सालों से पर्सनल लोन व फूड लोन को छोड़ अन्य लोन में दहाई अंक में बढ़ोतरी जारी है।

### कृषि क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार बताया

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** वित्त मंत्रालय ने अपनी रिपोर्ट में कृषि क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार बताया है। चालू वित्त वर्ष में कृषि का भारत के जीवीए में 18 प्रतिशत हिस्सा होने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2015 से 2023 के दौरान प्रति वर्ष औसत खाद्यान्न उत्पादन 28.9 करोड़ टन रहा जबकि वित्त वर्ष 2005-2014 तक यह 23.3 करोड़ टन था। वित्त मंत्रालय ने यह भी कहा कि जिन सेक्टर में भविष्य में सुधार की आवश्यकता है, उसमें स्किल, स्वास्थ्य, ऊर्जा सुरक्षा, एमएसएमई शामिल है।

### तीसरी बड़ी इकोनमी बनने का मूल आधार होगा अदाणी समूह

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** वित्तीय सेवाएं देने वाली अमेरिकी कंपनी कैंटर फिट्जगेराल्ड एंड कंपनी ने कहा है कि अदाणी समूह 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की भारत की महत्वाकांक्षा का मूल आधार है। देश के बुनियादी ढांचे के विकास में समूह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विश्लेषक ब्रेट नाब्लाउच और थामस सिंस्के द्वारा लिखी गई इस रिपोर्ट में कहा गया है कि समूह की फ्लैगशिप कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड 50 प्रतिशत से अधिक का लाभ दे सकती है।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत अब दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश और 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की महत्वाकांक्षा रखता है। इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए भारत को अपने ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाने के अलावा, डिजिटल और भौतिक बुनियादी ढांचे दोनों में निवेश करना होगा।

## लाल सागर के हालात को लेकर दूसरे देशों के संपर्क में भारत

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** लाल सागर क्षेत्र में हाउती विद्रोहियों की वजह से हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। भारत की जरूरत का 30 प्रतिशत क्रूड इसी रास्ते से आता है जबकि भारत अपने कुल पेट्रोलियम निर्यात का 50 प्रतिशत इस रास्ते से भेजता है। ऐसे में भारत चिंता में तो है लेकिन अभी तक लाल सागर में जहाजों के आवागमन के प्रभावित होने से देश की ऊर्जा सुरक्षा को लेकर कोई समस्या पैदा नहीं हुई है।

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी का कहना है कि इस बारे में अगले हफ्ते आयोजित इंडिया एनर्जी वीक के दौरान दुनिया के कई देशों के आमंत्रित मेहमानों और पेट्रोलियम मंत्रियों के साथ बातचीत होगी। इंडिया एनर्जी वीक का आयोजन छह से नौ फरवरी, 2024 के दौरान गोवा में होगा। इसमें 17 देशों के पेट्रोलियम मंत्री और पेट्रोलियम सेक्टर की 900 कंपनियां हिस्सा लेंगी। पुरी का कहना है कि इंडिया एनर्जी वीक बहुत ही कम समय में ऊर्जा सेक्टर का एक महत्वपूर्ण आयोजन बन चुका है। आगामी महीने इसकी बैठक मुख्य तौर पर वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य के तमाम मुद्दों के साथ ही भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने से जुड़े मुद्दों पर विमर्श से होगा।

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने बताया कि एनर्जी वीक से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वैश्विक आयल व गैस कंपनियों के सीईओ के साथ एक बैठक करेंगे।

### अप्रैल से दिसंबर के दौरान सोना आयात 26.7% बढ़ा

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** चालू वित्त वर्ष के अप्रैल से दिसंबर के दौरान सोने का आयात 26.7 प्रतिशत बढ़कर 35.95 अरब डालर हो गया। एक साल पहले समान अवधि में यह आंकड़ा 28.4 अरब डालर था। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, पिछले साल दिसंबर में सोने का आयात 156.5 प्रतिशत बढ़कर तीन अरब डालर रहा।

## इस साल भारत में लैपटाप बनाना शुरू कर देगी सैमसंग

**गुरुग्राम, प्रेट्र:** दक्षिण कोरिया की इलेक्ट्रानिक कंपनी सैमसंग इस साल भारत स्थित अपने नोएडा संयंत्र में लैपटाप बनाना शुरू कर देगी। भारत दौरे पर आए सैमसंग इलेक्ट्रानिक्स के प्रेसिडेंट और मोबाइल एक्सपीरियंस (एमएक्स) बिजनेस के प्रमुख टीएम रोह ने कहा कि मैन्यूफैक्चरिंग के लिहाज से कंपनी के लिए भारत एक प्रमुख स्थान है और लैपटाप बनाने के लिए तैयारियां पहले से ही चल रही हैं।

रोह ने कहा कि कंपनी को राज्य व केंद्र सरकार से हर समर्थन मिला है और कंपनी भारत में मैन्यूफैक्चरिंग बढ़ाने के लिए सरकार के साथ सहयोग जारी रखेगी। हाल में कंपनी ने अपना फ्लैगशिप गैलेक्सी एस24 स्मार्टफोन लांच किया है। कंपनी ने कहा है कि वह अपने नोएडा स्थित कारखाने में गैलेक्सी एस24 का भी निर्माण करेगी। इसी के साथ सैमसंग ने इस साल 'गैलेक्सी एआइ' को 10 करोड़ मोबाइल में उपलब्ध कराने का भी एलान किया है।

# भारी खरीदारी से सेंसेक्स में 1,240 अंक का उछाल

- ऊर्जा, तेल व गैस सेक्टर में तेजी से 71,941 पर पहुंचा बीएसई का मानक सूचकांक, निफ्टी भी चढ़ा
- एक फरवरी को पेश होने वाले अंतरिम बजट से पहले आशावादी माहौल का भी मिल रहा लाभ

**मुंबई, प्रेट्र:** रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में मजबूत खरीदारी और एशियाई बाजारों में तेजी से प्रेरित घरेलू शेयर बाजार सोमवार को भारी बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,240.90 अंक की तेज वृद्धि के साथ 71,941.57 अंक के स्तर पर जाकर बंद हुआ। दिनभर के कारोबार के दौरान यह 72,020.22 अंक के उच्च स्तर तक पहुंचा था। इसी तरह एनएसई का निफ्टी 385 अंक की तेजी के साथ 21,737.60 अंक के स्तर पर जाकर बंद हुआ।

बाजार विश्लेषकों का कहना है कि हालिया बिकवाली और एशिया बाजारों के सकारात्मक संकेतों के चलते निवेशकों को गुणवत्ता वाले स्टाक में निवेश का अवसर मिला है। इस कारण घरेलू बाजारों में तेजी आई है। उच्च मूल्यांकन के बावजूद अंतरिम बजट के आसपास का आशावादी माहौल और हाल के वित्तीय परिणाम अनुमान के अनुरूप रहने से भी निवेशकों का भरोसा बरकरार है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की आगामी नीति बाजारों के प्रदर्शन के लिए एक महत्वपूर्ण कारक होगी। ब्याज दरों में कटौती नहीं होने की संभावना के बीच निवेशकों की नजर फेडरल रिजर्व की समिति की टिप्पणियों पर होगी। एशिया में सियोल, टोक्यो और हांगकांग बढ़त में बंद हुए, जबकि शंघाई बाजार गिरावट में रहे।

**छह लाख करोड़ बढ़ी निवेशकों की संपत्ति:** शेयर बाजारों में रही इस तेजी की बदौलत निवेशकों की संपत्ति में 6.08 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। इस वृद्धि के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 377.20 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

### इन क्षेत्रों में रही तेजी

सेंसेक्स में ऊर्जा और तेल व गैस क्षेत्र में तेजी दर्ज की गई। ऊर्जा सूचकांक में सबसे ज्यादा 5.29 प्रतिशत की तेजी रही। इसके बाद 4.94 प्रतिशत की तेजी के साथ तेल व गैस सूचकांक रहा। पावर में 3.03 प्रतिशत, सर्विसेज में 2.82 प्रतिशत, कैपिटल गुड्स में 2.13 प्रतिशत, औद्योगिक में 2.17 प्रतिशत और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 1.93 प्रतिशत की तेजी रही।



### 19 लाख करोड़ के पार रिलायंस का बाजार पूंजीकरण

दिग्गज कारोबारी मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में सोमवार को करीब सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इससे कंपनी के पूंजीकरण में एक ही दिन में 1,24,591.68 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। अब कंपनी का कुल पूंजीकरण 19,59,444.03 करोड़ रुपये हो गया है। बीते तीन सत्रों में कंपनी ने शेयरों में नौ प्रतिशत तक की वृद्धि हो चुकी है, जबकि जनवरी में अब तक कंपनी के शेयर 12 प्रतिशत बढ़ चुके हैं।

### 2023 में नए फंड आफर के जरिये 63,854 करोड़ रुपये जुटाए

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** एसेट मैनेजमेंट कंपनियों (एएमसी) ने कैलेंडर वर्ष 2023 के दौरान कुल 212 नए फंड आफर (एनएफओ) लांच किए और इनके जरिये 63,854 करोड़ रुपये की राशि जुटाई है। 2022 के दौरान एएमसी ने 228 एनएफओ के जरिये 62,197 करोड़ रुपये की राशि जुटाई थी। मार्निंगस्टार इंडिया के डाटा के अनुसार, एनएफओ के जरिये 2021 में 99,704 करोड़ और 2020 में 53,703 करोड़ रुपये की राशि जुटाई गई थी। फेयर्स रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, एएमसी की ओर से जनवरी-मार्च 2023 के दौरान सबसे ज्यादा 57 एनएफओ लांच किए गए।

## राष्ट्रीय फलक

## बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर प्रति 50 किमी में ई-वाहन के लिए होंगे चार्जिंग प्वाइंट

जासं, बांदा

बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर वाहनों की संख्या में वृद्धि हुई है। भरतकूप व बांदा से करीब पांच हजार छोटे-बड़े वाहन प्रतिदिन गुजरते हैं। इलेक्ट्रिक बसें और अन्य ई-वाहन भी भविष्य में चलेंगे, उसके लिए उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने एक्सप्रेसवे पर पेट्रोल पंपों की तरह ही चार्जिंग प्वाइंट बनाने की तैयारी की है। यूपीडा के मुताबिक चार्जिंग प्वाइंट बनाने के लिए इंडियन आयल और भारत पेट्रोलियम से अनुबंध किया जा रहा है। चार्जिंग प्वाइंट को तीन माह में चालू भी कर दिया जाएगा।

भरतकूप (चित्रकूट) से इटावा तक एक्सप्रेसवे छह पैकेज में बंटा है। सभी पैकेज में एक-एक चार्जिंग प्वाइंट बनाने की योजना है। स्थल चयन का कार्य चल रहा है। अधिकारियों के मुताबिक पहले एक्सप्रेसवे के कट पर नीचे चार्जिंग प्वाइंट बनाने की तैयारी थी, लेकिन शासन ने अब एक्सप्रेसवे पर ही इसे बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए टोल प्लाजा पर स्थान देखा जा रहा है। यहां प्रसाधन ब्लाक में यात्री रुकते हैं। ऐसे में वह अपने वाहन चार्ज कर पाएंगे।




एक्सप्रेस वे में चार्जिंग प्वाइंट के लिए स्थल चयन के लिए सर्वे करते यूपीडा के अधिकारी।

इटावा से शुरू होकर औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, बांदा और चित्रकूट तक 296 किमी लंबे एक्सप्रेसवे को सौर ऊर्जा संचालित राजमार्ग में बदलने के लिए यूपी सरकार ने 1700 हेक्टेयर जमीन चिह्नित की है। फोरलेन एक्सप्रेसवे को एक डेडिकेटेड सर्विस लेन के अलावा दो भागों में विभाजित किया गया है। दो लेन के बीच करीब 20 मीटर के गैप में सोलर पैनल लगाए जाएंगे।

## अजित गुट के विधायकों की अयोग्यता से जुड़ी याचिका पर फैसले की समय सीमा 15 तक बढ़ी

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट से जुड़े राकांपा विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने का अनुरोध करने वाली याचिका पर फैसला करने के लिए राज्य विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को दी गई समयावधि सोमवार को 15 फरवरी तक बढ़ा दी। इससे पहले कोर्ट ने 30 अक्टूबर को राकांपा के शरद पवार गुट के नेता जयंत पाटिल की ओर से दायर याचिका पर फैसला करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को 31 जनवरी तक का समय दिया था। पाटिल की याचिका में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली राज्य सरकार का हिस्सा बनने के लिए पाला बदलने वाले राकांपा विधायकों को अयोग्य ठहराने का अनुरोध किया गया है। कोर्ट ने उसी दिन नार्वेकर को निर्देश दिया था कि वह शिवसेना के प्रतिद्वंद्वी गुटों की की उन याचिकाओं पर भी 31 दिसंबर तक फैसला करें जिनमें दोनों ने एक-दूसरे के विधायकों को सदन की सदस्यता से अयोग्य ठहराने का अनुरोध किया है।



- सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के स्पीकर को पहले दिया था 31 जनवरी तक का समय
- शरद पवार गुट के जयंत पाटिल ने कोर्ट में दायर की है याचिका

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पार्डीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने विस अध्यक्ष के कार्यालय की ओर से पेश हुए सालिसिटर जनरल तुषार मेहता की इन दलीलों पर गौर किया कि याचिका पर आदेश पारित करने के लिए तीन और सप्ताह की जरूरत है। मेहता ने प्रतिद्वंद्वी शिवसेना गुटों द्वारा दायर याचिकाओं पर अध्यक्ष द्वारा हाल में पारित आदेश का उल्लेख किया और कहा, प्रतिवादियों की जिरह 31 जनवरी तक पूरी हो जाएगी। आदेश पारित करने के लिए उन्होंने और समय दिए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, स्पीकर प्रतिद्वंद्वी शिवसेना गुटों द्वारा दायर याचिकाओं के निपटारे में व्यस्त थे। राकांपा मामले में कार्यवाही वैसे समाप्त हो चुकी है। अध्यक्ष को आदेश लिखने के लिए कुछ और समय की आवश्यकता है। इस दौरान शरद पवार गुट की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, अध्यक्ष को प्रक्रिया पूरी करने के लिए उनके द्वारा मांगे गए तीन हफ्ते के बजाय एक सप्ताह का और समय दिया जा सकता है। पीठ ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा, हम विधानसभा अध्यक्ष द्वारा आदेश सुनाए जाने का काम पूरा करने के लिए 15 फरवरी तक का समय देते हैं।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरद पवार गुट के जयंत पाटिल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर आग्रह किया है कि विधानसभा अध्यक्ष को अजित पवार और उनके प्रति वफादार विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर शीघ्र निर्णय लेने का निर्देश दिया जाए।

## मप्र में नामिनी नहीं बनाया तो एसडीएम पत्नी की ले ली जान

नईदुनिया, डिंडौरी

मध्य प्रदेश में डिंडौरी जिले के शहपुरा अनुविभाग में पदस्थ एसडीएम निशा नापित की रविवार को संदिग्ध अवस्था में हुई मौत का पर्दाफाश हो गया है। पुलिस ने बताया कि निशा की हत्या ग्वालियर निवासी उनके पति मनीष शर्मा ने की है।

दरअसल, निशा ने अपनी सर्विस बुक, बीमा व बैंक खाते में मनीष का नाम नामिनी के रूप में दर्ज नहीं कराया था, जिससे वह नाराज था। दोनों के बीच इस बात को लेकर कई बार झगड़ा भी हुआ था। रविवार को उसने पत्नी की तकिया से मुंह व नाक दबाकर हत्या कर दी और फिर उन्हें अस्पताल लेकर पहुंच गया था। अस्पताल में उसने कहा था कि निशा के फेफड़े खराब हो गए थे, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने जांच की तो मामला हत्या का निकला।

**2020 में हुई थी शादी:** छत्तीसगढ़ में अंबिकापुर की चोपड़ा कालोनी निवासी एसडीएम निशा की 2020 में मनीष से शादी डाट काम के माध्यम से पहचान हुई थी। मंडला में पदस्थापना के दौरान तीन अक्टूबर, 2020 को गायत्री मंदिर में दोनों की शादी हुई थी।

**पैसे के लिए डालता था दबाव:** बड़ी बहन नीलिमा ने बताया कि शादी के बाद मनीष बीच-बीच में आता था और निशा को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। कहता था कि वह बेरोजगार है और उसे पैसा चाहिए। वह नामिनी बनाने के लिए भी दबाव डालता था। परिवार वालों के समझाने के कारण निशा ऐसा नहीं कर रही थी। परेशान होकर निशा ने मंडला एसपी से शिकायत भी की थी।

- पुलिस ने शहपुरा में पदस्थ एसडीएम निशा की हत्या का किया पर्दाफाश

मनीष ने साक्ष्य छिपाने के लिए खून से सने कपड़ों को वाशिंग मशीन में धो दिया था। इसके बाद कुर्ती व अन्य कपड़ों को बंगले के परिसर में सुखा दिया था।
–मुकेश श्रीवास्तव, पुलिस उप महानिरीक्षक (बालाघाट रेंज)

## अकबर को महान बताने वाले अंश पाठ्यक्रम से हटेंगे

**जागरण संवाददाता, जयपुर:** राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि अगले शिक्षा सत्र से पाठ्यक्रम में आवश्यकता अनुसार बदलाव किया जाएगा। अकबर को महान बताने वाले तथ्य पाठ्यक्रम से हटाए जाएंगे। देश का आक्रांता अकबर महान कैसे हो सकता है। दिलावर ने कहा कि स्कूलों के पाठ्यक्रम में जहां भी आपत्तिजनक अंश हैं, वे हटाए जाएंगे। जैसे अकबर को महान बताना, शिवाजी को पहाड़ी चूहा बताना, चंद्रशेखर आजाद और शहीद भगत सिंह को आतंकी बताना। पाठ्यक्रम की समीक्षा को लेकर विशेषज्ञों की एक समिति बनाई जाएगी। उन्होंने कहा, पिछली कांग्रेस सरकार ने चुनाव से कुछ समय पहले वोट लेने के लिए कई ऐसे स्कूल खोले, जहां संसाधन ही नहीं थे।



### संयुक्त सैन्य अभ्यास

राजस्थान के सूरतगढ़ में महाजन फायरिंग रेंज में संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सदा तनसीक' के दौरान भारतीय सेना और रायल सऊदी लैंड फोर्सेज के जवान। इस अभ्यास में सऊदी अरब की रायल साऊदी के 45 जवान शामिल हैं, जबकि भारत की ब्रिगेड आफ गार्डस की बटालियन हिस्सा ले रही है। यह अभ्यास 10 फरवरी तक चलेगा। प्रेट्र

## गुजरात में साइबर पुलिस ने फर्जी शिकायत दर्ज कर करोड़ों वसूले

राज्य ब्यूरो, अहमदाबाद

आनलाइन गेम खेलने के मामले में ईडी का भय दिखाकर गुजरात के जूनागढ़ की साइबर पुलिस के तीन अफसरों ने केरल के व्यापारी से बैंक खाता अनफ्रीज करने के बदले में 20 से 25 लाख रुपये मांग लिए। इस मामले में इन पुलिस अधिकारियों को आरोपित बनाया गया है। इन पुलिसकर्मियों ने 335 खाते अनफ्रीज कर रखे थे। प्रत्येक खाते को अनफ्रीज करने के बदले में 20 से 25 लाख रुपये की मांग की थी। फरार आरोपितों द्वारा करोड़ों रुपयों की वसूली की आशंका है। दो के विदेश भागने की आशंका है। पुलिस विभाग ने तीनों आरोपितों को निलंबित कर दिया है।

- साइबर सेल के तीन अधिकारी निलंबित, एफआइआर दर्ज होने के बाद हुए फरार

पुलिस महानिदेशक विकास सहाय ने इसकी जांच एटीएस को सौंप दी है। साइबर सेल में कार्यरत पुलिस निरीक्षक तरल भट्ट, अरविंद गोहिल व उपनिरीक्षक दीपक जानी के खिलाफ जूनागढ़ रेंज के पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय के पीआइ एसएन गोहिल ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। साइबर सेल ने अकाउंट अनफ्रीज होने के मामले में शिकायत व पूछताछ के लिए हेल्पलाइन शुरू की है।

केरल निवासी कार्तिक भंडारी को 17 नवंबर 2023 को बैंक से पता चला कि उसका खाता गुजरात साइबर सेल ने फ्रीज किया है। भंडारी अपने रिश्तेदार के साथ जूनागढ़ में साइबर सेल के दफ्तर पहुंचे। यहां उपनिरीक्षक जानी ने अपने अधिकारी भट्ट व गोहिल के नाराज होने की बात बताते हुए कहा, आनलाइन गेम खेलने व खाते से अवैध लेन-देन के कारण ऐसा किया गया है। फर्जी इनपुट के आधार पर फ्रीज हुआ खाता अनफ्रीज करने के बदले में 20 से 25 लाख रुपये चाहिए। भंडारी चार लाख रुपये देने को तैयार हो गए पर आरोपित पुलिसकर्मी ईडी व दिल्ली पुलिस का डर बताते हुए मोटी रकम देने का दबाव बनाने लगे। भंडारी ने इसकी शिकायत जूनागढ़ रेंज पुलिस महानिरीक्षक नीलेश जाजडिया से की तो उन्होंने विभागीय जांच कराई।

********

